RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 40 | जयपुर शनिवार, 08 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

### चार्जशीट में कोचिंग संचालक और डॉक्टर भी आरोपी

सीबीआई ने चार्जशीट में डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी, पुणे के सीओओ तेजस हर्षदकुमार शाह, रेणुकाई करियर सेंटर के मैनेजिंग पार्टनर शिवराज मोटेगांवकर और सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के मालिक डॉ. मनोज भगवानराव शिरुरे को भी साजिश का हिस्सा बताया है। जांच के मुताबिक, इन लोगों ने एनटीए के बाहर पूरे नेटवर्क का संचालन किया और लीक पेपर छात्रों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। सीबीआई के मुताबिक, पेपर लीक का मकसद अवैध कमाई और कुछ कोचिंग संस्थानों के रिजल्ट बेहतर दिखाना था।

### सीबीआई ने 13 आरोपियों के बैंक खाते-लॉकर फ्रीज किए

सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, सबूत मिटाने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोपियों के बैंक खाते, बैंक लॉकर और एक डीमैट अकाउंट भी फ्रीज किए हैं।

## छात्रों की एंट्री से होटल तक, सीबीआई चार्जशीट में सामने आई पेपर लीक की पूरी कहानी

# 'नीट पेपर लीक' साजिश महीनों पहले हुईः सीबीआई

एजेंसी। नई दिल्ली

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक की साजिश परीक्षा से कई महीने पहले रची गई थी। एनटीए के एक्सपर्ट्स ने पेपर तैयार करने के दौरान ही सवाल याद कर लिए थे। सीबीआई ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल 94 पेज की चार्जशीट में यह दावा किया है। चार्जशीट 28 जुलाई को दाखिल की गई थी। इसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई। इसके मुताबिक, एक्सपर्ट्स एनटीए ऑफिस से होटल लौटकर याद किए गए सवाल पर्चियों पर लिखते थे। इसके बाद इन्हें बिचौलियों और कोचिंग नेटवर्क के जरिए छात्रों तक पहुंचाया जाता था। सीबीआई ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में दाखिल चार्जशीट में कई डिजिटल और फोरेंसिक सबूतों का जिक्र किया है। इनमें पुणे की एक रिहायशी सोसायटी के एंट्री मैनेजमेंट एप का रिकॉर्ड भी शामिल है। इसी सोसायटी में एनटीए के केमिस्ट्री विषय के विशेषज्ञ और आरोपी पीवी कुलकर्णी रहते थे। सीबीआई ने 28 जुलाई को विशेष अदालत में 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अधिकारियों के मुताबिक, सोसायटी के एप से मिले रिकॉर्ड में उन छात्रों की बायोमेट्रिक एंट्री भी शामिल है, जो कुलकर्णी की ओर से अप्रैल में आयोजित विशेष कोचिंग कक्षाओं में आते थे।




### पेपर छात्रों तक कैसे पहुंचा

सीबीआई के अनुसार, सवाल वॉट्सएप चैट, टेलीग्राम मैसेज, पीडीएफ और फोटो के जरिए छात्रों को भेजे जाते थे। कुछ प्राइवेट कोचिंग में छात्रों से लीक सवाल हाथ से लिखवाए गए और परीक्षा की तैयारी कराई गई। एजेंसी के मुताबिक, यह तरीका डिजिटल सबूत छोड़ने से बचने के लिए अपनाया गया था। तलाशी के दौरान सीबीआई को ऐसी कई हाथ से लिखी कॉपियां मिली हैं।

### एनटीए की प्रक्रिया में खामियों का आरोप

सीबीआई के अनुसार, नीट के प्रश्नपत्रों की तैयारी, अनुवाद और बैक-ट्रांसलेशन का काम एनटीए के ओखला स्थित भवन में नियंत्रित माहौल में किया गया था। एजेंसी का आरोप है कि इन प्रक्रियाओं में मौजूद खामियों का फायदा आरोपियों ने उठाया। चार्जशीट के मुताबिक, कुलकर्णी ने सवालों के छोटे नोट बनाए, कुछ सवाल याद किए और होटल लौटने के बाद उन्हें दोबारा तैयार किया। एजेंसी का आरोप है कि उन्होंने नीट यूजी 2026 के तीन सेट का बैक-ट्रांसलेशन किया था और केमिस्ट्री में इन्हीं सेट से लीक सामग्री का सबसे ज्यादा मिलान मिला।

### रिकॉर्ड से क्या मिला?

- सीबीआई ने एप के रिकॉर्ड के जरिए छात्रों और उनके अभिभावकों की सोसाइटी में मौजूदगी की पुष्टि की।
- ये लोग नीट यूजी परीक्षा से कुछ दिन पहले अप्रैल में कुलकर्णी की सोसाइटी में आए थे।
- एजेंसी ने इन रिकॉर्ड को छात्रों के मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन विश्लेषण से भी मिलाया।
- नीट यूजी परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी।

### एनटीए के कौन से तीन विशेषज्ञ जांच के केंद्र में?

सीबीआई की जांच में एनटीए के पैनल में शामिल पुणे के तीन विषय विशेषज्ञों की भूमिका सामने आई। इनमें शामिल हैं:

- पीवी कुलकर्णी, केमिस्ट्री
- मनीषा गुरुनाथ मंधारे, जूलॉजी और बॉटनी
- मनीषा संजय हवलदार, फिजिक्स

एजेंसी का आरोप है कि इन लोगों ने एनटीए की परीक्षा प्रक्रिया में मौजूद खामियों का फायदा उठाकर गोपनीय सवाल हासिल किए और उन्हें पैसे लेकर आगे पहुंचाया।

### एनटीए एक्सपर्ट्स को आजीवन कारावास की सजा हो सकती है

- सीबीआई ने तीनों एनटीए एक्सपर्ट्स पर लोक सेवक के तौर पर भरोसा तोड़ने, पेपर लीक और भ्रष्टाचार समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं।
- इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज किया गया है।
- बीएनएस की धारा 316(5) के तहत दोषी साबित होने पर आजीवन कारावास या 10 साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है।
- लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 की धारा 11 के तहत दोष सिद्ध होने पर 7 से 10 साल की जेल और कम से कम 10 करोड़ रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

### 16 पन्नों में थे फिजिक्स के 68 सवाल

सीबीआई ने हवलदार की भूमिका का भी जिक्र किया है। आरोप है कि मंधारे के कहने पर उन्होंने एक अभ्यर्थी की मां को फिजिक्स के 68 सवालों वाले 16 पन्ने उपलब्ध कराए। जांच एजेंसी ने अलग-अलग छात्रों और बिचौलियों से मिले लीक प्रश्नों और अन्य सामग्री को दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से गठित विशेषज्ञ पैनल को भेजा। जांच में इस सामग्री का नीट यूजी 2026 के चार पेपर सेट से अलग-अलग स्तर पर मिलान पाया गया। सीबीआई के अनुसार, जिन सेट तक संबंधित विशेषज्ञों की पहुंच थी, उनमें सवालों का मिलान 85 फीसदी तक पाया गया। जिन सेट तक उनकी पहुंच नहीं थी, उनमें मिलान काफी कम था।

### सवाल रटे, पर्चियां बनाईं, एनसीईआरटी बुक में मार्किंग की

एक्सपर्ट मनीषा गुरुनाथ मंधारे, पीवी कुलकर्णी और मनीषा संजय हवलदार एनटीए ऑफिस में पेपर तैयार करने के दौरान सवाल याद करते थे। फिर होटल लौटकर सवाल पर्चियों पर लिखते थे। एनसीईआरटी की किताबों में संबंधित चैप्टर और पैराग्राफ मार्क किए जाते थे, ताकि लीक सवालों को व्यवस्थित तरीके से आगे भेजा जा सके। चार्जशीट के मुताबिक, एनटीए ऑफिस में आते-जाते समय एक्सपर्ट्स की तलाशी नहीं होती थी। उन्हें रफ वर्क के लिए सादे कागज दिए जाते थे। कुलकर्णी ने इन पर केमिस्ट्री के 135 सवाल और उनके ऑप्शन नोट किए। उन्होंने केमिस्ट्री पेपर का मराठी से अंग्रेजी में बैक-ट्रांसलेशन भी किया।

## एफसीआरए पर अमेरिकी सांसद की टिप्पणी को भारत ने किया खारिज

# विदेश मंत्रालय ने कहा, यह हमारा आंतरिक मामला

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक पर अमेरिकी सांसद की टिप्पणी का स्पष्ट और दो टूक जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के विधायी मामलों पर फैसला देश की संसद करती है और यह पूरी तरह भारत का आंतरिक विषय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि विदेशी फंड के प्रवाह को नियंत्रित करने के नियम केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अमेरिका समेत कई देशों में लागू हैं।



### भारतीय नाविकों के लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है?

*विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मिशन कई महीनों से 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं। इसके तहत केवल नाविक ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद अन्य भारतीय नागरिक भी सहायता ले सकते हैं।*

- खाड़ी क्षेत्र में भारतीय मिशन लगातार स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।
- 24*7 हेल्पलाइन कई महीनों से संचालित की जा रही है।
- भारतीय ध्वज वाले जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।
- भारत ने सभी पक्षों से नागरिकों, व्यावसायिक जहाजों और समुद्री कर्मियों को निशाना न बनाने की अपील की।
- अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध व्यापार जारी रखने पर जोर दिया गया।

### शेख हसीना के कार्यक्रम पर सरकार ने क्या कहा?

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के 5 अगस्त को हुए मीडिया कार्यक्रम पर पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक निजी मीडिया संस्थान का कार्यक्रम था। सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मंच पर कही गई बातों, विशेष रूप से बांग्लादेश की विधिवत गठित सरकार से जुड़े बयानों का भारत सरकार समर्थन नहीं करती।

### एफसीआरए पर विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार ने एफसीआरए संशोधन विधेयक पर अमेरिकी सांसद की टिप्पणी देखी है। उन्होंने कहा कि भारत से जुड़े विधायी मामलों पर निर्णय संसद लेती है और इस तरह के विषय देश के आंतरिक मामलों का हिस्सा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई देश, जिनमें अमेरिका भी शामिल है, विदेशी धन के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए अपने-अपने कानून लागू करते हैं। भारत ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मिशन लगातार जहाजरानी मंत्रालय, समुद्री प्राधिकरणों और स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में हैं ताकि जरूरत पड़ने पर भारतीय नाविकों और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को तुरंत सहायता मिल सके। मंत्रालय ने यह भी दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही तथा व्यापार जारी रहना चाहिए।

### भारत ने अमेरिका का उदाहरण क्यों दिया?

एफसीआरए पर अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि विदेशी फंडिंग को नियंत्रित करने वाले कानून किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। मंत्रालय ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी विदेशी धन के प्रवाह पर नियमन लागू है। इस बयान के जरिए भारत ने संकेत दिया कि ऐसे कानून राष्ट्रीय हित और नियामक व्यवस्था का सामान्य हिस्सा हैं।

## अंबेडकरनगर को योगी का तोहफा, गोविंद साहब मेला को घोषित किया राजकीय मेला, लोगों में दिखा उत्साह

अंबेडकरनगर

यूपी के अंबेडकरनगर में शुक्रवार को गोविंद साहब मेला परिसर में सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पहुंचे सीएम ने सबसे पहले गोविंद साहब मठ में पूजा की। इसके बाद मंच पर पहुंचे। मंच से संबोधित करते हुए सीएम योगी ने गोविंद साहब मेले को राजकीय मेला घोषित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाला गोविंद साहब मेला राजकीय मेले के रूप में आयोजित होगा। घोषणा होते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने खुशी जताई। बताते चलें कि गोविंद साहब का मेला लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान रहा है। राजकीय मेला घोषित होने के बाद इसके आयोजन और व्यवस्थाओं को लेकर नई उम्मीदें जगी हैं। इस घोषणा से मेले के विकास और सुविधाओं के विस्तार का रास्ता खुलने की संभावना है। गोविंद साहब मेला परिसर में शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री के जनसभा कार्यक्रम के दौरान कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने गोविंद साहब मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखी। विधायक ने कहा कि गोविंद साहब का मेला काफी पुराना है। यहां करीब एक माह तक मेला लगता है। इसमें आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज क्षेत्रों से भी हर वर्ग के लोग पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में दलित और निषाद समाज के लोग रहते हैं।




### जलालपुर और चहोड़ा घाट के पक्कीकरण की मांग उठाई

पूर्व सांसद और भाजपा नेता रितेश पांडेय ने क्षेत्र के विकास से जुड़े कई मुद्दे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखे। उन्होंने जलालपुर शहर में बाईपास निर्माण और चहोड़ा घाट के पक्कीकरण की मांग की। रितेश पांडेय ने गोविंद साहब मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब विकास के साथ अवसरों की भी धरती बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरी की जा रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर भी उन्होंने सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया।

## जंतर मंतर पर प्रदर्शनों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त केंद्र से पूछा, क्यों न बंद किया जाए प्रदर्शन स्थल

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जंतर मंतर क्षेत्र को प्रदर्शन स्थल के रूप में बंद क्यों नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शहर को अनावश्यक रूप से प्रदर्शनों से बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए।

### क्या थी याचिका?

अदालत अखिल भारतीय दलित ईसाई अधिकार संरक्षण समिति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दिल्ली पुलिस को जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति देने का निर्देश मांगा गया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने बताया कि अधिकतम 75 लोग प्रदर्शन में शामिल होंगे और पुलिस जुलाई से आवेदन पर कोई फैसला नहीं कर रही है।

### कोर्ट ने क्यों कहा बंद क्यों नहीं कर देते जंतर मंतर?

न्यायमूर्ति महाजन ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से पूछा, आप इसे बंद क्यों नहीं कर देते? मेरे अनुसार शहर के बीच में इस तरह की गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। शहर को अनावश्यक रूप से क्यों बंधक बनाया जाए? उन्होंने कहा कि यह सरकार का फैसला है, लेकिन शहर को इस तरह परेशान नहीं किया जाना चाहिए।



### 15 अगस्त नजदीक, 75 लोग 75 हजार भी हो सकते हैं

एएसजी शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पहले से ही सुनवाई कर रहा है कि जंतर मंतर को प्रदर्शन स्थल घोषित किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में धारा 144 लागू है और 15 अगस्त नजदीक होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त है। उन्होंने आशंका जताई कि 75 लोग बाद में 75 हजार भी हो सकते हैं।

### लोकतांत्रिक अधिकारों की बात अलग

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने शाहीन बाग मामले में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार को मान्यता दी है। न्यायमूर्ति महाजन ने जवाब दिया कि लोकतांत्रिक अधिकारों की बात अलग है, लेकिन शहर को बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए। अदालत ने दिल्ली पुलिस को याचिकाकर्ता के आवेदन पर 8 अगस्त तक फैसला करने का निर्देश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया।

## बसपा नेता उमाशंकर सिंह की अंतिम यात्रा में लाखों लोगों ने नम आंखों से दी विदाई

बलिया

उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रसड़ा से लगातार तीन बार विधायक रहे बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय उमाशंकर सिंह को शुक्रवार को उनके पैतृक जनपद बलिया में पूरे राजसी सम्मान और जनसैलाब की मौजूदगी में अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम यात्रा में ऐसा जनसमूह उमड़ा कि जाति, धर्म, उम्र, अमीरी-गरीबी और क्षेत्र की सभी सीमाएं मानो समाप्त हो गईं। हर वर्ग के लोग अपने प्रिय जननेता के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए उमड़ पड़े। बुधवार को दिल्ली में कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद उमाशंकर सिंह का निधन हो गया था। उनके निधन की खबर से पूरे पूर्वांचल, विशेषकर बलिया में शोक की लहर दौड़ गई थी। शुक्रवार सुबह दस बजे उनके पैतृक गांव से निकली अंतिम यात्रा के दौरान बलिया मुख्यालय तक जगह-जगह हजारों लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी।

## भाई अबान की मिट्टी में शामिल होने के लिए अली और उमर को मिली पैरोल, हाईकोर्ट ने दिया आदेश



प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाई अबान अहमद की मिट्टी में शामिल होने के लिए जेल में बंद अली अहमद और उमर अहमद को पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को बुआ परवीन कुरैशी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र समंत ने दिया है। एक घंटे तक दोनों अपने छोटे भाई और परवीन कुरैशी से मिल सकेंगे। प्रशासन व्यवस्था करेगा। इसके बाद दोनों को सुरक्षित जेल पहुंचाएंगे। बता दें कि अली अहमद झांसी और उमर अहमद लखनऊ की जेल में बंद है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि यदि दोनों भाई अपने दिवंगत भाई को अंतिम श्रद्धांजलि देना चाहते हैं और परिवार के साथ सीमित समय बिताना चाहते हैं तो इसमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था राज्य की जिम्मेदारी है। न्यायालय ने यह भी कहा कि वे जहां आवश्यक हो, वहीं नमाज अदा कर सकते हैं और प्रशासन को सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने होंगे। सुनवाई के दौरान अली अहमद झांसी जेल से और उमर अहमद लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। प्रारंभ में झांसी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में तकनीकी दिक्कत आने पर अदालत ने नाराजगी जताई। न्यायालय ने कहा कि केवल आवाज आ रही है, वीडियो क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। इसके बाद तकनीकी समस्या दूर करने के निर्देश दिए गए और सुनवाई आगे बढ़ी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगा अबान का अंतिम संस्कार

झांसी में सड़क हादसे में मारे गए माफिया अतीक अहमद के बेटे अबान का अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह चकिया के कसारी मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुक्षा के बीच किया जाएगा। शुक्रवार सुबह झांसी से अबान का शव प्रयागराज लाया गया। शव को पुरामुफ्ती के हटवा में रहने वाली बुआ परवीन कुरैशी के आवास पर रखा गया है। भोर में चार बजे ही शव को परिजन लेकर पहुंच गए थे। सुबह से अबान के घर में लोगों की भीड़ जुटी रही। रिश्तेदारों का तांता लगा रहा। भीड़ के चलते हटवा में फोर्स की तैनाती की गई। उधर, शहर के चकिया स्थित अतीक के पुश्तैनी आवास पर भी लोगों की भीड़ जमा रही और लोग जनाजे में शामिल होने के लिए शव आने का इंतजार करते रहे। शव को कसारी मसारी में स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसके लिए कब्र खोदवा ली गई है।

### उमर ने कहा, अली हिम्मत रखो, कल मुलाकात होगी, मीडिया कुछ भी बुलवाए तो बोलना मत

इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान माफिया अतीक के दोनों बेटे अली और उमर कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान लखनऊ जेल में बंद उमर ने भाई अली से कहा कि, अली हिम्मत रखो, कल मुलाकात होगी। मीडिया कुछ भी बुलवाए तो बोलना मत। कोर्ट ने आठ अगस्त शनिवार को दोनों को भाई अबान की मिट्टी के बाद या पहले एक-एक घंटे परिवार के साथ समय व्यतीत करने की शर्त पर पेरोल दी है।

## युवा, गरीब, किसान और महिलाएं भाजपा के साथ, राहुल गांधी के आने-जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा' : केशव प्रसाद मौर्य

प्रयागराज

- 2027 में प्रयागराज की सभी 12 विधानसभा सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ता जुटें : केशव

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि युवा, गरीब, किसान और महिलाएं पूरी मजबूती के साथ भाजपा के साथ हैं। राहुल गांधी के प्रयागराज आने या जाने से इन चारों वर्गों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को प्रयागराज प्रवास के दौरान शहीद चन्द्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि विपक्ष के पास भाजपा को सत्ता से हटाने की ताकत नहीं है। कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रयागराज की सभी 12 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर काम करने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर नई पीढ़ी को देश के विभाजन की पीड़ा से अवगत कराना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित प्रयागराज बनाने का संकल्प लेकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रवाद का ऐसा अभियान है जिसे देश विरोधी ताकतें कभी कमजोर नहीं कर सकतीं। भाजपा का लक्ष्य राष्ट्र को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। राहुल गांधी के प्रयागराज में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मीडिया के सवाल पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में कहीं भी जाएं, इससे भाजपा के जनाधार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले भी कई बार प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में आ चुके हैं लेकिन कांग्रेस यहां अपना राजनीतिक आधार नहीं बना सकी। उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष समाज को बांटने की राजनीति करता है। भाजपा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी केवल रामभक्त होने का दिखावा करती है।



## बजरी माफियाओं के हौसले बुलंद...

# मालीखेड़ा, बिगोद, मोई, प्रतापपुरा और जालिया में दिन-रात अवैध खनन जारी

*सुबह 4 बजे से 10 बजे तक और शाम 6 बजे से देर रात तक जेसीबी से नदी का सीना चीरने का दावा, फर्जी रवन्नों के जरिए बजरी परिवहन के आरोप; ग्रामीणों ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग*

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले के मालीखेड़ा, बिगोद, मोई, प्रतापपुरा और जालिया क्षेत्र में बजरी के अवैध खनन को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इन क्षेत्रों में खुलेआम जेसीबी मशीनों से नदी की धारा से बजरी निकाली जा रही है और जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन का यह कारोबार लंबे समय से जारी है, जिससे पर्यावरण, नदी तंत्र और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार मालीखेड़ा क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह करीब 4 बजे से



10 बजे तक तथा शाम 6 बजे से देर रात तक लगातार खनन गतिविधियां संचालित होती हैं। उनका दावा है कि इस दौरान नदी में जेसीबी मशीनें उतरती हैं और बड़ी मात्रा में बजरी निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं डंपरों में भरी जाती है। इसके बाद यह बजरी विभिन्न स्थानों पर भेजी जाती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कई वाहन फर्जी या संदिग्ध रवन्नों (ट्रांजिट पास) के सहारे बजरी का परिवहन करते हैं। उनका कहना है कि वाहन जब मुख्य सड़क पर पहुंचते हैं, तब उन्हें वैध रवन्ने दिखाकर आगे रवाना कर दिया जाता है। यदि इन आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो यह खनिज नियमों का गंभीर उल्लंघन होने के साथ-साथ सरकारी राजस्व की हानि का भी मामला बन सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से ग्रामीण सड़कों की हालत खराब हो रही है। धूल, प्रदूषण और शोर से आसपास के गांवों के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं नदी से लगातार बजरी निकाले जाने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने और भविष्य में जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो अवैध खनन का दायरा और बढ़ सकता है। उन्होंने मांग की है कि खनन विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम पूरे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध खनन स्थलों पर छापेमारी करे, जेसीबी मशीनों और वाहनों को जब्त करे तथा रवन्नों की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जिन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में अवैध खनन लगातार संचालित होने के आरोप लग रहे हैं, उनकी जवाबदेही भी तय की जाए ताकि भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग सके।

## पहली ही बारिश में धंसा 2.39 करोड़ की लागत से बना पुल का अप्रोच, आवागमन ठप

**15 दिन पहले हुआ था निर्माण पूरा, ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का लगाया आरोप; PWD बोला- जल्द होगी मरम्मत**

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** विकासखंड विजयीपुर के बदनमऊ गांव के समीप ससुर खदेरी नदी-2 पर लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा लगभग 2.39 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल का अप्रोच पहली ही तेज बारिश में धंस गया। निर्माण पूरा होने के महज 15 दिन बाद ही अप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बीचों-बीच गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। अप्रोच के क्षतिग्रस्त होने से मुजफ्फरपुर, कछरा, मलूकबारी, खेरवा, बरहा, चंदापुर, गढ़ों और नरौली समेत दर्जनों गांवों के लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। करीब 40 हजार की आबादी के लिए यह मार्ग प्रमुख संपर्क मार्ग माना जाता है। अप्रोच धंसने के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग और गुणवत्ता की



अनदेखी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पुल का अप्रोच पहली ही बारिश नहीं झेल सका, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पुल के अप्रोच मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की भी मांग उठाई है। उधर, PWD के अवर अभियंता ध्रुव तिवारी ने बताया कि अप्रोच पर नई मिट्टी डाली गई थी, जो लगातार बारिश के कारण धंस गई। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत जल्द कराकर आवागमन सामान्य कराया जाएगा।

### सांवरिया बस्ती के 163 परिवारों को 14 साल बाद भी नहीं मिले पट्टे

## 11 अगस्त को कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन करेगी मजदूर कांग्रेस व कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ

**कच्ची बस्तियों के पट्टे जारी करने, सामुदायिक भवन निर्माण और साफ-सफाई की मांग को लेकर अंबेडकर सर्किल से निकाली जाएगी जन आक्रोश रैली**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** जिले की कच्ची बस्तियों में निवासियों को मकानों के पट्टे जारी करने और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस एवं कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। सांवरिया बस्ती के 163 परिवारों को 14 वर्षों से पट्टे नहीं मिलने के विरोध में आगामी 11 अगस्त को जिला कलेक्ट्रेट पर विशाल जन आक्रोश पैदल रैली व उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

**14 सालों से भटक रहे 163 परिवार, न मुआवजा मिला न पट्टे**

कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर, जिला उपाध्यक्ष राकेश देसाई एवं अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मुकेश कुमार घुसर ने वार्ड 27 स्थित सांवरिया बस्ती में रात्रि चौपाल लगाकर स्थानीय बाशिंदों की ज्वलंत समस्याओं को सुना। निवासियों ने बताया कि वर्ष 2012 में नगर विकास न्यास (UIT) भीलवाड़ा ने उनके पुराने मकानों को तोड़कर



सांवरिया बस्ती में 15 म30 साइज के खाली भूखंड आवंटित किए थे। लेकिन 14 वर्ष बीत जाने के बावजूद यूआईटी ने न तो उन्हें पुराने मकानों का मुआवजा दिया और न ही नए भूखंडों के पट्टे जारी किए।

**प्रशासनिक उपेक्षा, सामुदायिक भवन व सफाई व्यवस्था बदहाल**

पीड़ित परिवारों ने बताया कि पिछले एक दशक से वे नगर विकास न्यास, जिला कलेक्ट्रेट और जयपुर तक चक्कर काट चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बस्ती में 163 घर होने के बावजूद आसपास कोई सामुदायिक भवन नहीं है, जिससे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में भारी परेशानी होती है। इसके अलावा लंबे समय से नालियों और सड़कों की सफाई न होने से गंदगी का आलम बना हुआ है।

**11 अगस्त को अंबेडकर सर्किल से निकलेगी जन आक्रोश रैली**

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इन सभी जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु 11 अगस्त को अंबेडकर सर्किल से कलेक्ट्रेट तक विशाल पैदल रैली निकाली जाएगी। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस जन आक्रोश रैली में शामिल होने का आह्वान किया है।

### ड्रग्स फ्री सिटी अभियान में बड़ी कार्रवाई

## नशे के सौदागर पर पुलिस का शिकंजा : 88.370 किलो गांजा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार...



स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** ड्रग्स फ्री सिटी अभियान के तहत सुभाष नगर थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 किलो 370 ग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना अधिकारी कैलाश चंद्र बिश्नोई के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने घेराबंदी कर सोनू उर्फ चंद्रप्रकाश हरिजन (44), निवासी सुभाष नगर को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को गांजा लाने और बेचने की बात बताई है। इसके बाद पुलिस अब गांजे की सप्लाई कहां से हुई और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था, इसकी जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी के पीछे नशे के कारोबार से जुड़े अन्य लोग भी हो सकते हैं। सुभाष नगर थाना पुलिस की कार्रवाई के बाद अब आरोपी से पूछताछ के आधार पर गांजा सप्लाई नेटवर्क से जुड़े संभावित लोगों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नशे के सौदागरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

मामले में अग्रिम अनुसंधान मंगरोप थाना अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

**कार्रवाई करने वाली टीमः** थाना अधिकारी कैलाश चंद्र विश्नोई, सोनू कुमार जीनगर और सुनील विश्नोई मौजूद थे

## ब्यावर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मध्यरात्रि में बड़ी कार्रवाई



**1 बस जब्त, 5 के चालान-3.45 लाख का जुर्माना**

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जयपुर) के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 6 अगस्त की मध्यरात्रि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) की सचिव सोनल पारीख के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लक्जरी एवं स्लीपर बसों का औचक निरीक्षण किया। इस संयुक्त टीम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उप पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन अधिकारी, यातायात पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान कुल 7 लक्जरी और स्लीपर बसों में परमिट, फिटनेस, आपातकालीन निकास द्वार (Emergency E&it), अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार किट और एआईएस-119 सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई।

**नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई**

जांच में क्षमता से अधिक अतिरिक्त सीटें, अनधिकृत मॉडिफिकेशन और आपातकालीन निकास में गंभीर कमियां पाई गईं। नियमों की अनदेखी पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 1 बस को जब्त किया तथा 5 बसों के चालान काटकर कुल ?3,45,000/- का जुर्माना वसूला।

**यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं: सोनल पारीख**

DLSA सचिव सोनल पारीख ने कहा कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विशेष जांच अभियान अगले एक महीने तक लगातार जारी रहेगा। सचिव ने बस संचालकों से वाहनों का संचालन कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा मानकों के अनुसार करने की अपील की।

## केमिकलयुक्त पानी में उतरे अर्धनग्न ग्रामीण, 2 घंटे में ही युवाओं को एलर्जी



**सरकना में श्री सीमेंट और प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा**

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** क्षेत्र के ग्राम सरकना में जल, जमीन और पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जारी 'सरकना बचाओ आंदोलन' ने गुरुवार को उग्र और अनोखा रूप ले लिया। सरकना संघर्ष समिति के तत्वावधान में युवाओं और ग्रामीणों ने अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज होकर केमिकलयुक्त पानी में उतरकर अर्धनग्न अवस्था में प्रदर्शन किया और प्रशासन व श्री सीमेंट प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के जलस्रोत गंभीर रूप से प्रदूषित हो चुके हैं। इस अनोखे प्रदर्शन के महज दो घंटे के भीतर ही पानी में उतरे कई युवाओं की त्वचा में जलन, खुजली और एलर्जी की शिकायतें सामने आईं। इस घटना के बाद से पूरे गांव में पेयजल की गुणवत्ता और स्वास्थ्य को लेकर भय व चिंता का माहौल है।

**प्रशासनिक जांच और श्री सीमेंट से वार्ता की मांग**

संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य, खेती और भविष्य दांव पर लगा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मौके पर पहुंचकर पानी की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही श्री सीमेंट प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन को एक मेज पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालने की अपील की है।

**'टकराव नहीं, समाधान चाहते हैं '**

संघर्ष समिति ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा, 'हम प्रशासन या प्रबंधन से किसी तरह का टकराव नहीं चाहते, बल्कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी जायज समस्याओं का समाधान चाहते हैं।' ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही उनकी सुध नहीं ली, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और ग्रामीण अपने परिवारों के साथ 24 घंटे का अनवरत धरना शुरू करेंगे।

### छह विधायक देने वाला गांव, लेकिन बच्चों के लिए नहीं हिन्दी माध्यम की पढ़ाई

# राजनीति में अव्वल, शिक्षा में पिछड़ा कनेछन कलां; हिन्दी माध्यम के लिए तरस रहे विद्यार्थी

**विधायकों की जन्मभूमि में शिक्षा बेबस, हिन्दी माध्यम बंद होने से गांव के बच्चों का भविष्य अधर में**

**कनेछन कलां में कक्षा 6 से 12 तक हिन्दी माध्यम नहीं, 17 किलोमीटर दूर पढ़ने को मजबूर छात्र; छात्रावास की सीटें भी हो रहीं खाली**

स्मार्ट हलचल/मूलचन्द पेसवानी

**शाहपुरा।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र का कनेछन कलां गांव राजनीतिक दृष्टि से जितना समृद्ध माना जाता है, शिक्षा के क्षेत्र में उतना ही उपेक्षित दिखाई दे रहा है। यह वही गांव है जिसे पूरे क्षेत्र में ष्विधायक नगरीष् के नाम से जाना जाता है। इस गांव की मिट्टी ने अब तक छह जनप्रतिनिधियों को विधानसभा तक पहुंचाया है, लेकिन विडंबना यह है कि आज इसी गांव के बच्चों को अपनी मातृभाषा हिन्दी में शिक्षा प्राप्त करने के लिए गांव छोड़कर दूसरे कस्बों का रुख करना पड़ रहा है।

गांव में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजकीय बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी




आवासीय छात्रावास तथा श्री अम्बेडकर राजकीय समाज कल्याण छात्रावास जैसी शैक्षणिक संस्थाएं संचालित हैं। पहली नजर में यह व्यवस्था पर्याप्त प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। ग्राम पंचायत मुख्यालय होने के बावजूद यहां कक्षा 6 से 12 तक हिन्दी माध्यम में अध्ययन की कोई व्यवस्था नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में परिवर्तित किए जाने के बाद हिन्दी माध्यम की पढ़ाई पूरी तरह समाप्त हो गई। इसका सीधा असर ग्रामीण विद्यार्थियों पर पड़ा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनेक छात्र अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन जारी नहीं रख सके और उन्हें या तो दूसरे शहरों में प्रवेश लेना पड़ा अथवा पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी।

स्थिति यह है कि गांव के विद्यार्थियों को माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की हिन्दी माध्यम की शिक्षा के लिए 17 किलोमीटर दूर शाहपुरा अथवा 10 किलोमीटर दूर फूलियाकलां जाना पड़ता है। रोजाना आने-जाने की कठिनाई, अतिरिक्त आर्थिक बोझ और परिवहन की समस्या के कारण हर वर्ष कई विद्यार्थी विद्यालय छोड़ने को विवश हो रहे हैं। शिक्षा विशेषज्ञ इसे ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ते ड्रॉपआउट का एक प्रमुख कारण मान रहे हैं।

इस समस्या का असर केवल विद्यार्थियों पर ही नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं पर भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। गांव में संचालित श्री अम्बेडकर राजकीय समाज कल्याण छात्रावास में करीब 25 सीटें खाली पड़ी हैं। वहीं कक्षा 11वीं और 12वीं में हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों माध्यमों में विद्यार्थियों की संख्या शून्य होना क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

ग्राम पंचायत प्रशासक गीता देवी गुर्जर ने बताया कि कनेछन कलां पंचायत मुख्यालय होने के बावजूद विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6 से 12 तक हिन्दी माध्यम उपलब्ध नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों के साथ मिलकर स्थानीय विधायक, सांसद तथा राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेकर विद्यार्थियों को राहत प्रदान करेगी।

समग्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामधन बैरवा का कहना है कि कनेछन कलां जैसे बड़े पंचायत मुख्यालय पर हिन्दी माध्यम की पढ़ाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार केवल विद्यालय भवन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता और सुविधा के अनुरूप अध्ययन का माध्यम भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कनेछन कलां में अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिन्दी माध्यम भी पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

ग्रामीणों का मानना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में अधिक संख्या में विद्यार्थी शिक्षा से विमुख होंगे और इसका दुष्प्रभाव पूरे क्षेत्र के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास पर पड़ेगा। उनका कहना है कि जिस गांव ने प्रदेश को छह विधायक दिए, वहां के बच्चों को अपनी भाषा में शिक्षा के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें राज्य सरकार और शिक्षा विभाग पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि विधायक नगरी के बच्चों को अपने गांव में हिन्दी माध्यम की शिक्षा का अधिकार कब तक मिल पाता है।

# जमीन के रिकॉर्ड को लेकर शिक्षक दंपती ने लगाई न्याय की गुहार

## लक्ष्मीपुर का मामला: SDM और तहसीलदार को सौंपी शिकायत, पुराने राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जांच की मांग

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** लक्ष्मीपुर गांव में जमीन से जुड़े राजस्व मामले को लेकर शिक्षक दंपती ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। रमेश कुमार मीणा और उनकी पत्नी संपत कुमारी मीणा ने एसडीएम एवं तहसीलदार को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कर नियमानुसार समाधान कराने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि संपत कुमारी मीणा के नाम लक्ष्मीपुर गांव में जमीन दर्ज है। जमीन के पुराने एवं वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड को लेकर उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए दंपती ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन के साथ जमाबंदी, वर्ष 1965 से संबंधित पुराने रिकॉर्ड, वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड और गिरदावरी रिपोर्ट सहित संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। उनका कहना है कि इन दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए।

**SDM- तहसीलदार से निष्पक्ष जांच की मांग**

शिक्षक दंपती ने एसडीएम और तहसीलदार से पूरे प्रकरण की राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर निष्पक्ष जांच कराने तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। प्रशासनिक जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### तांडव सृष्टि का शाश्वत नियम है

# पं. विष्णुश्री कृष्णतनय जी महाराज के जन्मदिवस पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम



स्मार्ट हलचल

**गुरला:- (बद्री लाल माली)** कोटड़ी श्याम। श्री हरिहर शिवमहापुराण कथा महोत्सव के पावन अवसर पर परम श्रद्धेय गौवत्स पं. विष्णुश्री कृष्णतनय जी महाराज का जन्मदिवस भक्तिभाव एवं उल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। कथा पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने महाराजश्री का पुष्पवर्षा, माल्यार्पण एवं जयघोष के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में पं. विष्णुश्री कृष्णतनय जी महाराज ने कहा कि 'तांडव सृष्टि का शाश्वत नियम है। सृष्टि में परिवर्तन ही जीवन का आधार है। भगवान शिव का तांडव केवल संहार का प्रतीक नहीं, बल्कि नई सृष्टि, नवचेतना और नवजीवन का उद्घोष है। जो व्यक्ति परिवर्तन को स्वीकार करता है, वही जीवन में निरंतर आगे बढ़ता है।' महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य को अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और अज्ञान का तांडव करके उनका अंत करना चाहिए, तभी जीवन में ज्ञान, प्रेम और भक्ति का उदय होता है। भगवान शिव का तांडव हमें सिखाता है कि हर अंत एक नई शुरुआत का संदेश लेकर आता है। जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों ने केक के स्थान पर फल एवं प्रसाद अर्पित कर महाराजश्री का अभिनंदन किया तथा दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। कथा स्थल 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री राम' के उद्घोषों से गूंज उठा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि श्री हरिहर शिवमहापुराण कथा महोत्सव में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# 94 बच्चों का स्कूल सिर्फ दो कमरों के भरोसे, बरामदा बना 'क्लासरूम'

## एक कमरे में आंगनबाड़ी, बाकी दो में पढ़ाई के साथ पोषाहार का सामान और कार्यालय बारिश में कहां बैठें बच्चे...

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** एक ओर सरकारी विद्यालयों में बेहतर सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावे किए जा रहे हैं, वहीं जहाजपुर क्षेत्र के मनोहरपुरा पीओ क्षेत्र स्थित बकली की झोपड़ियां विद्यालय की तस्वीर बुनियादी सुविधाओं की कमी उजागर कर रही है। विद्यालय में 94 विद्यार्थियों का नामांकन और 6 शिक्षक हैं, लेकिन बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त कमरे तक उपलब्ध नहीं हैं। विद्यालय में कुल तीन कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है, जहां करीब 20 बच्चों का नामांकन बताया गया है। ऐसे में विद्यालय के 94 विद्यार्थियों के लिए महज दो कमरे बचते हैं।

**दो कमरे... पढ़ाई भी, सामान भी और कार्यालय भी!**



स्थिति यह है कि शेष दो कमरों में ही बच्चों की कक्षाएं संचालित करने के साथ पोषाहार का सामान रखने और विद्यालय के कार्यालय संबंधी कार्यों की व्यवस्था करनी पड़ रही है। विद्यालय में अलग पोषाहार कक्ष भी नहीं है। जगह की कमी के कारण बच्चों को विद्यालय के बरामदे में बैठाकर पढ़ाई करवानी पड़ रही है।

**बारिश के मौसम ने बढ़ाई परेशानी**

सबसे गंभीर सवाल मौजूदा बारिश के मौसम को लेकर है। बरामदे में बैठकर पढ़ने वाले बच्चों को बारिश और तेज हवा के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पर्याप्त कक्षा-कक्ष नहीं होने से शिक्षकों के सामने भी सभी कक्षाओं को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की चुनौती बनी हुई है।

**94 विद्यार्थी, 6 शिक्षक और पढ़ाई के लिए सिर्फ दो कमरे**

विद्यालय के आंकड़े ही हालात की गंभीरता बताने के लिए काफी हैं– नामांकन 94, शिक्षक 6, कुल कमरे 3 और उनमें भी एक आंगनबाड़ी के उपयोग में। सवाल यह है कि जब बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त कक्षा-कक्ष ही नहीं हैं तो बेहतर शैक्षणिक माहौल कैसे उपलब्ध कराया जाएगा? स्थानीय स्तर पर आवश्यकता है कि शिक्षा विभाग विद्यालय की स्थिति का निरीक्षण कर अतिरिक्त कक्षा-कक्ष एवं अलग पोषाहार कक्ष की व्यवस्था करवाए, ताकि बच्चों को बरामदे के बजाय सुरक्षित कक्षाओं में बैठकर पढ़ने की सुविधा मिल सके।

**बड़ा सवाल:** बारिश के बीच अगर बरामदे में भी बच्चों को बैठाना संभव न हो तो 94 विद्यार्थियों की कक्षाएं आखिर लगेंगी कहां

### जमीन के रिकॉर्ड को लेकर शिक्षक दंपती ने लगाई न्याय की गुहार

# लक्ष्मीपुर का मामला: SDM और तहसीलदार को सौंपी शिकायत, पुराने राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर जांच की मांग

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** लक्ष्मीपुर गांव में जमीन से जुड़े राजस्व मामले को लेकर शिक्षक दंपती ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। रमेश कुमार मीणा और उनकी पत्नी संपत कुमारी मीणा ने एसडीएम एवं तहसीलदार को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कर नियमानुसार समाधान कराने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि संपत कुमारी मीणा के नाम लक्ष्मीपुर गांव में जमीन दर्ज है। जमीन के पुराने एवं वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड को लेकर उत्पन्न समस्या के समाधान के लिए दंपती ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन के साथ जमाबंदी, वर्ष 1965 से संबंधित पुराने रिकॉर्ड, वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड और गिरदावरी रिपोर्ट सहित संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। उनका कहना है कि इन दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए।

**SDM- तहसीलदार से निष्पक्ष जांच की मांग**

शिक्षक दंपती ने एसडीएम और तहसीलदार से पूरे प्रकरण की राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर निष्पक्ष जांच कराने तथा नियमानुसार उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। प्रशासनिक जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# 529 यूनिट रक्तदान, 529 बच्चों की शिक्षा का संकल्प, शंभू सेना ने रचा सेवा का नया अध्याय

## भीलवाड़ा में युवा शक्ति ने दिखाया सेवा का जज्बा, विशाल वाहन रैली से लेकर रक्तदान और शिक्षा तक समाज को दिया प्रेरक संदेश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** शंभू सेना के तत्वावधान में समाजसेवी शंभू वैष्णव के जन्मदिवस पर आयोजित जन्मदिवस युवा शक्ति के नाम सेवा अभियान ने मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का नया उदाहरण प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन, संचालन और व्यवस्थाएं शंभू सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा संभाली गईं, जिसमें हजारों युवाओं और समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे लव गार्डन स्थित विजयवर्गीय भवन से शंभू सेना द्वारा निकाली गई विशाल वाहन रैली से हुई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सीताराम गोशाला पहुंची, जहां शंभू सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गोसेवा की। इसके बाद मुस्कान फाउंडेशन के भविष्य स्कूल पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों को फल एवं मिठाई वितरित की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। रैली का शहरभर में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में शामिल युवाओं ने सेवा, संगठन और सामाजिक एकता का परिचय दिया। पूरे आयोजन में शंभू



सेना के कार्यकर्ताओं ने अनुशासन और सेवा भावना के साथ सभी व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। रैली के पुनः विजयवर्गीय भवन पहुंचने पर शंभू सेना द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ शहर विधायक अशोक कोठारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में युवाओं और आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 529 यूनिट रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सेवा अभियान की सबसे विशेष पहल यह रही कि शंभू सेना ने रक्तदान की प्रत्येक यूनिट को एक जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया। इसके तहत 529 यूनिट रक्तदान के अनुरूप 529 जरूरतमंद बच्चों को एक वर्ष तक कॉपी, किताबें, स्कूल बैग, पेन, पेंसिल सहित आवश्यक शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर शंभू सेना के संस्थापक शंभू वैष्णव ने कहा, ष्रक्तदान केवल किसी की जान बचाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यदि इसे शिक्षा जैसे सामाजिक अभियान से जोड़ा जाए तो यह किसी बच्चे का भविष्य भी संवार सकता है। हमारा उद्देश्य सेवा को जनआंदोलन बनाना है। कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी, महंत हेमराज पोसवाल, महंत मोहननाथ जी महाराज, संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर शंभू सेना के इस सेवा अभियान की सराहना की और शंभू वैष्णव को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। शंभू सेना के नेतृत्व में सम्पन्न इस विशाल सेवा अभियान ने यह संदेश दिया कि संगठित युवाशक्ति यदि समाजहित में कार्य करे तो रक्तदान, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सेवा जैसे अनेक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाने की यह पहल भीलवाड़ा में लंबे समय तक याद रखी जाएगी।

# छात्र संघ चुनाव को पुन बहाल करने को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ(दीपक राठौर)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बिजौलिया द्वारा छात्र नेतृत्व विकशित करने हेतु छात्रसंघ चुनाव पुनः बहाल करने एवं उच्च शिक्षा क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु राजस्थान के उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा को एक ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य के मार्फत सौंपा गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बिजौलिया इकाई का कहना है कि गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं उत्तरदायी उच्च शिक्षा व्यवस्था ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। वर्तमान में राजस्थान की उच्च शिक्षा व्यवस्था अनेक प्रशासनिक एवं संरचनात्मक चुनौतियों से प्रभावित है, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांगों के अंतर्गत- छात्रसंघ चुनावों की शीघ्र बहाल किया जाए ,समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के लिए समान अकादमिक कैलेंडर लागू किया जाए। महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियाँ की जाएँ। समस्त राजकीय महाविद्यालयों में नियमित प्राचार्यों की नियुक्ति की जाए। और सभी विश्वविद्यालयों में राजस्थानी भाषा के स्वतंत्र विभाग स्थापित कर विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाए। इन सभी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया इस मोके पर नगर मंत्री दीपक धाकड़, पूर्व नगर मंत्री दीपांशु चित्तौड़ा,जिला कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु लक्षकार,धनंजय गुरुजी, इकाई अध्यक्ष उदयपुर वाणिज्य कॉलेज आशीष सोमानी नगर सह मंत्री पंकज रेगर नगर एसफडी संयोजक कृष्ण गोपाल रेगर, राहुल बंजारा,रामप्रसाद बंजारा, माधव पाराशर,रवि ऐरवाल, नंदनी सेन, लक्ष्मी धाकड़ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे



# गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर HBS राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गुर्जर ने केंद्रीय मंत्री सविता ठाकुर से की मुलाकात

स्मार्ट हलचल

**सुरेश चन्द्र मेघवंशी भीलवाड़ा @** हिंदू भोज सेना (HBS) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गुर्जर ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री श्रीमती सविता ठाकुर से शिष्टाचार मुलाकात कर गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। मुलाकात के दौरान गोपाल गुर्जर ने गौ संरक्षण, गौ सेवा एवं गौ संवर्धन को लेकर हिंदू भोज सेना द्वारा देशभर में चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए उन्हें 'राष्ट्र माता' का सम्मान दिया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री श्रीमती सविता ठाकुर ने हिंदू भोज सेना द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इस अभियान में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक के दौरान समाजहित, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया।



# बाघ की झोपड़ियां में अब 12 वीं तक पढ़ाई, पटाखे छोड़ मनाया जश्न



उच्च प्राथमिक से उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत हुआ स्कूल; ग्रामीणों ने मिठाई बांटी, बोले- बच्चों को पढ़ाई के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा बाहर

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** बाघ की झोपड़ियां के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राज्य सरकार ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत कर दिया है। आदेश जारी होने के बाद शुक्रवार को गांव में जश्न का माहौल रहा। ग्रामीणों और युवाओं ने पटाखे छोड़े और मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय को उच्च माध्यमिक स्तर तक क्रमोन्नत करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। स्कूल क्रमोन्नत होने से अब क्षेत्र के विद्यार्थियों को 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए दूसरे गांवों और कस्बों में नहीं जाना पड़ेगा। रामलाल मीणा (फौजी) ने बताया कि विद्यालय के क्रमोन्नयन पर ग्रामीणों ने जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा का आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक के प्रयासों से गांव को शिक्षा के क्षेत्र में यह सौगात मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी शैक्षणिक सत्र से उच्च माध्यमिक कक्षाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग का भी आभार जताते हुए विद्यालय में जल्द व्याख्याताओं की नियुक्ति करने और उच्च माध्यमिक स्तर के अनुसार आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान प्रधानाध्यापक नवरत्न दाधीच, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश गुर्जर, रतीराम मीणा, खान सिंह मीणा, फूलचंद मीणा, वार्ड पंच रतनलाल प्रजापत, शिक्षक जगरूप गुर्जर, विक्रम जांगिड़, सुमेर कुमार, रामदयाल यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# ब्यावर में नीलकंठ महादेव मंदिर गौशाला का लोकार्पण आज, मंत्री जोराराम कुमावत करेंगे उद्घाटन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राजस्थान सरकार के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार, 8 अगस्त को ब्यावर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे किशनपुरा (ग्राम कोटड़ी) स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में नवनिर्मित गौशाला का लोकार्पण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, मंत्री कुमावत शनिवार प्रातः 8:00 बजे जयपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 10:15 बजे ब्यावर पहुंचेंगे। ब्यावर आगमन पर वे नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित गौशाला के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे वे सुमेरपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। मंत्री के दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन और आयोजकों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने इंदौर में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की बैठक में लिया हिस्सा

## अंतरराज्यीय समन्वय, साइबर अपराध रोकथाम, गुमशुदा बच्चों की खोज, नारकोटिक्स कंट्रोल एवं तकनीक आधारित पुलिसिंग पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को आयोजित 13वीं वेस्टर्न रीजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में राजस्थान के महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने भाग लिया। बैठक में मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और गोवा के पुलिस महानिदेशक श्री आलोक कुमार के साथ विभिन्न राज्यों के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन जुड़कर अंतरराज्यीय सहयोग व समन्वय से अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। राजस्थान पुलिस की ओर से महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के साथ अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) श्री वी.के. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती के.बी. वंदना तथा चित्तौड़गढ़ के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बैठक में सहभागिता की और विविध विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चाएं कर सुझाव दिए।




**समसामयिक चुनौतियों पर हुई प्रस्तुतियां**

बैठक के दौरान विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें बड़े धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा एवं प्रभावी पुलिस प्रबंधन, गुमशुदा बच्चों की खोज के नवाचारों, साइबर अपराधों के पीछे के इन्फ्रास्ट्रक्चर को ध्वस्त करने की रणनीति, आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल समाधान का उपयोग तथा नारकोटिक्स ड्रग्स की बढ़ती चुनौतियों के समाधान जैसे विषयों पर वरि?ष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा विविध प्रस्तुतियां दी गई व प्रत्येक प्रस्तुति के उपरांत प्रतिभागी राज्यों के अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा कर अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए।

**राजस्थान पुलिस ने साझा किए नवाचार एवं अनुभव**

महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने बैठक में राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर अपराध नियंत्रण, तकनीक आधारित पुलिसिंग, कानून-व्यवस्था प्रबंधन, अपराध नियंत्रण तथा अंतरराज्यीय समन्वय के क्षेत्र में किए जा रहे विविध नवाचारों एवं प्रभावी प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ विविध राज्यों




के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान, समन्वित रणनीति तथा आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग भविष्य की चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**इन विषयों पर भी हुई चर्चा**

बैठक में पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों ने अंतरराज्यीय अपराधों की रोकथाम, संगठित अपराध एवं साइबर अपराध के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई, खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, आधुनिक तकनीकों के अधिकतम उपयोग तथा पुलिस बलों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। साथ ही विभिन्न राज्यों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करते हुए उन्हें अन्य राज्यों में भी अपनाने पर सहमति व्यक्त की गई।

**भविष्य की कार्ययोजना पर भी हुआ मंथन**

बैठक के समापन सत्र में प्रतिभागी राज्यों के अधिकारियों ने अन्य समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की। साथ ही पश्चिमी क्षेत्र में पुलिस सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने, साझा कार्ययोजना तैयार करने तथा आगामी समन्वय बैठक के आयोजन से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया।

# संगठन जितना मजबूत होगा, नगर निकाय चुनाव में जीत उतनी ही सुनिश्चित होगी : उदयलाल आंजना

## 45 वार्ड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपकर पहनाया कांग्रेस का दुपट्टा, कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का दिया मंत्र

स्मार्ट हलचल






**निम्बाहेड़ा, (ज़ाकिर हुसैन)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पेच परिसर स्थित ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस संगठन की महत्वपूर्ण रणनीति बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी तैयारियों की व्यापक समीक्षा करते हुए संगठन को वार्ड एवं बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तारपूर्वक मंथन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधानसभा प्रभारी राजसिंह झाला, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अध्यक्ष मेहता, जिला महासचिव जगदीश सुथार एवं प्रिंस बाबेल उपस्थित रहे। साथी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंसीलाल राईवाल, संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद शिब्बी, जिला कांग्रेस महासचिव मनोज पारख, नुसरत खान, बाड़ी मंडल अध्यक्ष जीवन आंजना मंचासीन थे। बैठक में कांग्रेस के विभिन्न अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वार्ड स्तर के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव कांग्रेस संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन चुनावों में सफलता का आधार मजबूत संगठन, सक्रिय कार्यकर्ता तथा प्रभावी बूथ प्रबंधन होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना होगा तथा कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विकासवादी सोच को घर-घर तक पहुंचाना होगा। साथ ही पिछले ढाई साल में भारतीय जनता पार्टी की विफलताओं एवं गत कांग्रेस सरकार में नगरीय क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को भी घर-घर पहुंचना होगा ताकि जनता यह तुलना कर सके कि किस पार्टी में विकासवादी सोच है और कौन सी पार्टी केवल लाखों करोड़ों रुपए मूर्तियां लगाने में एवं सही सड़को को तोड़फोड़ कर कमीशन खोरी करने में लगी हुई है। आंजना ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। यदि प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक बूथ पर संगठन सक्रिय रहेगा तो चुनावी सफलता स्वतः सुनिश्चित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन, संगठनात्मक एकजुटता एवं पूर्ण समर्पण के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज़ बनकर कार्य करती रही है और आगामी चुनावों में भी जनता का विश्वास पार्टी के साथ रहेगा। विधानसभा प्रभारी राजसिंह झाला ने अपने संबोधन में कहा कि मजबूत संगठन किसी भी चुनाव में विजय का सबसे बड़ा आधार होता है। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने, बूथ स्तर तक सक्रिय टीमों का गठन करने, मतदाता सूची के गहन अध्ययन, घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने तथा नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही कांग्रेस को नगर निकाय चुनाव में मजबूत बढ़त दिलाएगी। बैठक में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अभय मेहता, जिला महासचिव जगदीश सुथार, सचिव प्रिंस बाबेल सहित नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंसीलाल राईवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी नगर कांग्रेस महासचिव, महासचिव नितिन नागोरी, नगर प्रवक्ता नितेश लोट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामरतन पूर्बिया, शोभालाल पूर्बिया, वार्ड अध्यक्ष हजारीलाल मेघवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने वार्डवार चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क अभियान, संगठन विस्तार, सोशल मीडिया की भूमिका, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी तथा जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही संगठन को अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण एवं एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। सभी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत संगठन, सक्रिय कार्यकर्ता एवं व्यापक जनसंपर्क के बल पर कांग्रेस नगर निकाय चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने निम्बाहेड़ा नगर परिषद क्षेत्र के 45 वार्ड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर कांग्रेस पार्टी का दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया, साथ ही हाल ही में नियुक्त जिला विधि एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं नगर एवं ब्लॉक पदाधिकारी को भी सम्मानित किया गया। आंजना सभी नव-नियुक्त वार्ड अध्यक्षों से संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने तथा प्रत्येक वार्ड में कांग्रेस की विचारधारा एवं जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, समस्त अग्रिम संगठनों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान का गायन कर बैठक का समापन हुआ।

# पीपलू तालाब में सिविल डिफेंस गोताखोर चयन प्रक्रिया को लेकर अभ्यास

स्मार्ट हलचल



**पीपलू(नरेश कुरेडा)।** सिविल डिफेंस गोताखोर चयन प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को पीपलू तालाब में अभ्यास कराया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने तालाब में उतरकर तैराकी एवं गोताखोरी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों की तैराकी क्षमता, पानी में संतुलन बनाए रखने, गोताखोरी तथा विपरीत परिस्थितियों में बचाव कार्य करने की क्षमता को परखा गया। चयन प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों को पानी में सुरक्षित तरीके से उतरने और जरूरत पड़ने पर डूबते व्यक्ति को बचाने से जुड़ी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। सिविल डिफेंस में गोताखोरों की भूमिका आपदा एवं जलभराव जैसी परिस्थितियों में बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की शारीरिक क्षमता और पानी में बचाव कार्य करने की दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पीपलू तालाब में आयोजित इस अभ्यास को लेकर अभ्यर्थियों में भी उत्साह दिखाई दिया। अभ्यास के माध्यम से चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार करने का प्रयास किया गया।

# रामगढ़ निवासी वंटी बना के नेतृत्व में दर्जनों नागरिकों ने थामा कांग्रेस का दामन, पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला ने दिलाई सदस्यता

स्मार्ट हलचल/नीरज मीणा



**महवा।** क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब रामगढ़ में दर्जनों नागरिकों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी में शामिल हुए नागरिकों ने कहा कि वे कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस हमेशा आमजन की आवाज़ को मजबूती से उठाने और जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। इस मौके पर वंटी बना ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों और नेतृत्व के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में नागरिकों का पार्टी से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके जुड़ने से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी। पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अभी से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, घर-घर जनसंपर्क बढ़ाने और पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरने के लिए जुट जाएँ। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएँ और कांग्रेस को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम में कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बालिका विद्यालय के पास शराब ठेका हटाने की मांग तेज, ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## 'बेटियों की सुरक्षा से समझौता नहीं 'शराब ठेका हटाने को लेकर ग्रामीणों का प्रशासन पर दबाव......

स्मार्ट हलचल



**सुरज वर्मा फूलियाकलां** उपखंड क्षेत्र के ग्राम सांगरिया के ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र एवं राजकीय बालिका विद्यालय के निकट संचालित शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार पिपलीवाल (एसडीएम) के नाम रेगर समाज विकास समिति, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय संस्कृत विद्यालय, राजकीय बालिका विद्यालय के प्राध्यापकों व ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि ठेका आबादी क्षेत्र में होने से छात्राओं, महिलाओं एवं आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि शराब ठेका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा सार्वजनिक पुस्तकालय, मुख्य सड़क, ग्राम पंचायत सहित कई सरकारी संस्थान भी इसी मार्ग पर स्थित हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों की आवाजाही रहती है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शराब ठेके के कारण क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है तथा महिलाओं और छात्राओं को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आबकारी नियमों का हवाला देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों के निकट शराब ठेका संचालित किया जाना उचित नहीं है।ज्ञापन देने में रजनीश कुमार, रामदयाल आरटिया, मनीष कुमार, रामकिशन, शिवराजरेगर, बुद्धिप्रकाश नुवाल, भागचंद,लोकेश, पप्पू लाल,चेतन, मुकेश आरटिया, लालाराम , मोहनलालरेगर, ओम प्रकाश रेगर, किशनलाल, खुशवंत, दिलकुश नुवाल, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि जनहित, छात्राओं की सुरक्षा तथा सामाजिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए शराब ठेका आबादी क्षेत्र से हटाकर अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण, अभिभावक एवं महिलाएं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर ABVP का हल्लाबोल

# चित्तौड़गढ़ के कॉलेजों में उग्र प्रदर्शन, 5 सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

## ?3 साल से बंद पड़े छात्रसंघ चुनावों को बहाल करने की मांग, जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी ने पूर्व सीएम गहलोत पर भी साधा निशाना....

स्मार्ट हलचल




**चित्तौड़गढ़** राजस्थान में पिछले तीन वर्षों से बंद पड़े छात्र संघ चुनावों को पुनः बहाल कराने और युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अब आर-पार के मूड में आ गई है। एबीवीपी ने चित्तौड़गढ़ जिले के सभी महाविद्यालयों में एक साथ मोर्चा खोलते हुए उग्र विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसरों में नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया।

**छात्र हितों और 5 सूत्री मांगों को लेकर खोला मोर्चा**

मामले की जानकारी देते हुए एबीवीपी की जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी ने बताया कि छात्र संघ चुनाव केवल राजनीति का जरिया नहीं, बल्कि आम छात्रों की आवाज उठाने और नए नेतृत्व को तराशने का एक लोकतांत्रिक माध्यम है। पिछले 3 साल से चुनाव न होने के कारण कॉलेजों में छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को सुनने वाला कोई नहीं है। आज जिले की सभी इकाइयों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

ABVP की 5 प्रमुख मांगें:

प्रदेश में बंद पड़े छात्रसंघ चुनाव तुरंत बहाल किए जाएं।

अकादमिक कैलेंडर के अनुसार कॉलेजों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चले।

महाविद्यालयों में रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूरी हो।

सभी महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की जाए।

सभी कॉलेजों में 'राजस्थानी भाषा' का एक अलग विभाग बनाया जाए।

**पूर्व सीएम पर निशाना और उग्र आंदोलन की चेतावनी**

जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले अपने कार्यकाल में उन्होंने खुद चुनाव बंद किए और अब राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए इस मुद्दे का सहारा ले रहे हैं, जो उनका दोहरा चरित्र दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परिषद की इन 5 सूत्री मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

**जिलेभर की कॉलेज इकाइयों में रहा प्रदर्शन का असर**

एबीवीपी के इस जिलेव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत चित्तौड़गढ़ मुख्य शहर, बस्सी, बेगू, गंगरार, कपासन, घोसुंडा, निंबाहेड़ा और श्री सांवरिया जी शासकीय कॉलेज इकाइयों में एक साथ उग्र प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे गए।

# बुद्धिबल से हर समस्या का समाधान सम्भव : प्रतिभा श्रीजी



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** जैन सिद्धान्ताचार्य प्रतिभा श्री जी महाराज साहब ने शान्ति भवन सेंती मे चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला मे संसार में सर्वश्रेष्ठ बल कौनसा है पर अपने विचार रखते हुए उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को लाभान्वित किया। उन्होंने प्रवचन में कहा कि संसार मे कई प्रकार के बल है, जिसमे शारीरिक बल, सत्ताबल, नैतिक बल, आध्यात्मिक बल किन्तु बुद्धि बल के अभाव मे सभी बल परास्त हो जाते है। ग्रन्थों में अभयकुमार धन्नासेठ बीरबल आदि के बुद्धि सम्बन्धी प्रसंग काफी प्रसिद्ध है। बुद्धिबल से हर समस्या का समाधान सम्भव है। बुद्धि बल से भी अधिक श्रद्धा बल व समर्पण बल अधिक महत्वपूर्ण है। आचार्य मान्तुम ने अपनी श्रद्धा व समर्पण बल से एवं दिव्य शक्ति से ताले व साखले तोड़ दी थी। साध्वी प्रेक्षा श्री जी ने कहा कि मोबाइल बनकर मत जीओ अपितु मानव बनकर जीओ। बहुमूल्य समय अपने परिवार व समाज को दो। समय के साथ जीने वाले श्रावक संयम का पालन करके मोक्ष मे चले गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहे।

### चेहलुम-ए-इमाम हुसैन पर न्यू मौला अली लंगर कमेटी 09 ग्रुप ने मुख्यातिथि विक्रम आंजना सहित अन्य अतिथियों का भव्य इस्तक़बाल

# गुलपोशी, दस्तारबंदी एवं सम्मान समारोह के साथ गूंजा अमन,मोहब्बत, इंसानियत और कौमी एकता का पैग़ाम

स्मार्ट हलचल






**निंबाहेड़ा ज़ाकिर हुसैन।** शहंशाह-ए-कर्बला हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम एवं उनके जांनिसार साथियों की अज़ीम शहादत की याद में मनाए जा रहे चेहलुम-ए-इमाम हुसैन (चालीसवें के ताज़िये) के मुबारक अवसर पर न्यू मौला अली लंगर कमेटी 09 ग्रुप, राजीव नगर-कासोद कच्ची बस्ती, निंबाहेड़ा की ओर से गुरुवार सायंकाल भव्य इस्तक़बाल, सम्मान एवं लंगर-ए-हुसैनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, सामाजिक सौहार्द एवं गंगा-जमुनी तहज़ीब से ओतप्रोत इस आयोजन में विभिन्न समाजों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि छोटीसादड़ी पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान विक्रमजी आंजना तथा विशिष्ट अतिथि निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, नगर पालिका उपाध्यक्ष परवेज़ अहमद उर्फ़ शिब्बी भाई, नगर कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष पंकज लड़ा, महासचिव मनीष जारोली एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष साजन सोनी रहे। कार्यक्रम में न्यू मौला अली लंगर कमेटी 09 ग्रुप के पदाधिकारियों एवं युवाओं ने सभी अतिथियों का पारंपरिक अंदाज़ में गुलपोशी, दस्तारबंदी एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। पूरे आयोजन के दौरान 'या हुसैन' की सदाओं के बीच अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों को भावभीनी खिराज-ए-अक़ीदत पेश की तथा लंगर-ए-हुसैनी में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता निभाई। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि कर्बला का संदेश किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत के लिए सत्य, न्याय, सब्र, कुर्बानी और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का अमर प्रतीक है। हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने परिवार और साथियों के साथ जो अनुपम बलिदान दिया, वह आज भी मानवता को सच्चाई, आत्मसम्मान, इंसाफ़ और मानव मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। वक्ताओं ने कहा कि चेहलुम का अवसर समाज में अमन, भाईचारा, कौमी एकता, आपसी प्रेम, सहिष्णुता एवं मानव सेवा की भावना को और अधिक मजबूत करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ गंगा-जमुनी संस्कृति की जीवंत मिसाल भी प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान, कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अहमद हुसैन, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष रोमिल चौधरी, एनएसयूआई नगर अध्यक्ष राहुल सेन, पूर्व एनएसयूआई नगर अध्यक्ष रोहित जाजू, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अहमदनूर, राजीव नगर-कच्ची बस्ती वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद हसन शेख़, नगर कांग्रेस कमेटी सदस्य जहाँगीर हुसैन मंसूरी, बाबू खान मेव, मोहम्मद खान, गुड्डू खान, आज़ाद खान, शेर खान, इमरान खान, शाहरुख़ खान, विनय पटेल, मोहित राठौड़, उबेद खान, आदित्य पहाड़िया, श्रवण आंजना, आशुतोष टांक तथा कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं अकीदतमंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में न्यू मौला अली लंगर कमेटी 09 ग्रुप के भय्यू भाई, सिकंदर भाई, जावेद भाई, समीर खान, सद्दाम भाई, इरशाद भाई, फारूक भाई, शाहरुख भाई (स्टूडियो), रहमत भाई, अरबाज़ भाई, गोलू भाई, अल्ताफ भाई एवं अज्जू भाई, आकिब खान सहित समस्त पदाधिकारियों एवं युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर आयोजन को अनुशासित, भव्य एवं सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# घाड़ में एक महीने में कई ट्रांसफार्मर चोरी किसानों में रोष, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल



**अविनाश मीणा घाड़ (देवली), टोंक** दूनी तहसील के घाड़ कस्बे में ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। गुरुवार रात चोरों ने एक और किसान के कुएं पर लगे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया। यह एक महीने के भीतर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी की चौथी घटना है। जानकारी के अनुसार, घाड़ कस्बे से दो किलोमीटर दूर धुवां खुर्द रोड पर स्थित स्वर्गीय देवीलाल पुत्र नारायण रैगर (निवासी घाड़) के कृषि कुएं पर लगे ट्रांसफार्मर को गुरुवार रात चोरों ने चुरा लिया। चोर ट्रांसफार्मर को नीचे उतारकर उसमें से कॉपर वायर, कीमती तेल और अन्य महत्वपूर्ण पुर्जे निकालकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने लाइनमैन उम्मेद सिंह मीणा को दी। विद्युत विभाग द्वारा इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। घाड़ क्षेत्र में पिछले एक महीने के भीतर ट्रांसफार्मर चोरी की यह चौथी घटना है। इससे पहले, चारनेंट रोड पर एक साथ दो ट्रांसफार्मर चोरी हुए थे। तीसरी घटना रंगविलास और खरोई रोड पर हुई थी। अब यह चौथी वारदात धुवां खुर्द रोड पर हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। घाड़ कस्बे के पास ही पुलिस थाना स्थित होने के बावजूद चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। इन लगातार हो रही चोरियों के कारण किसानों की कृषि गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सिंचाई संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने और क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### राजस्थान वित्त निगम के मेगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविरों में उमड़ा उद्यमियों का विश्वास

# उदयपुर, पाली एवं सिरोही में कुल राशि 2,370.00 लाख के ऋण आवेदन प्राप्त

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर/भरत देवड़वाल।** राजस्थान वित्त निगम (RFC) द्वारा उद्यमियों को वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन एवं त्वरित ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उदयपुर, पाली एवं सिरोही में मेगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में नए एवं स्थापित उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा राजस्थान वित्त निगम की विभिन्न ऋण एवं वित्तीय सहायता योजनाओं के प्रति विश्वास व्यक्त किया। इन शिविरों के दौरान कुल राशि 2,370.00 लाख के ऋण आवेदन प्राप्त हुए। इनमें उदयपुर से राशि 970.00 लाख, पाली से राशि 650.00 लाख तथा सिरोही से राशि 750.00 लाख के ऋण आवेदन शामिल हैं। इससे आवेदकों के क्षेत्र के उद्यमियों में राजस्थान वित्त निगम की योजनाओं के प्रति बढ़ते विश्वास का स्पष्ट संकेत मिलता है। शिविरों में उपस्थित इच्छुक उद्यमियों को निगम द्वारा संचालित विभिन्न ऋण एवं वित्तीय सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, इच्छुक उद्यमियों के ऋण प्रार्थना पत्र मौके पर ही तैयार करवाकर आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाया गया। राजस्थान वित्त निगम के कार्यकारी निदेशक हर सहाय मीणा ने कहा कि निगम द्वारा उद्योग, होटल, गेस्ट हाउस, अस्पताल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स एवं अन्य सेवा क्षेत्र की इकाइयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। निगम द्वारा विभिन्न विशेष ऋण योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है तथा रीको द्वारा आवंटित भूमि पर स्थापित होने वाली इकाइयों को भी ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पात्र उद्यमियों को मात्र 5.50 प्रतिशत ब्याज दर पर 200 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वित्त निगम का उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाकर राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करना है। इससे नए उद्योगों की स्थापना के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।




**निगम की विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान- डॉ हरसहाय मीणा**

वित निगम कार्यकारी निदेशक हरसहाय मीणा आईएएस मीणा ने उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए निगम की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उद्यमियों से निगम की विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा निरंतर एनपीए में कमी लाने तथा निगम को और अधिक सुदृढ़ एवं सक्षम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिविरों में निगम मुख्यालय से महाप्रबंधक पंकज पुरोहित एवं उपमहाप्रबंधक रविंद्र सहित संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला उद्योग केंद्र, रीको औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि, औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय उद्यमियों ने भाग लिया। उदयपुर शिविर में शाखा प्रबंधक मनोज टोडवाल, पाली शिविर में शाखा प्रबंधक सलिल मित्र तथा सिरोही शिविर में शाखा प्रबंधक दामिनी गर्ग सहित संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे। मेगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविरों में प्राप्त राशि 2,370.00 लाख के ऋण आवेदन इस बात का प्रमाण हैं कि राजस्थान वित्त निगम की योजनाओं के प्रति उद्यमियों का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है। निगम द्वारा भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से उद्यमियों को वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन एवं त्वरित ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रहेंगे।

## 'रन फॉर ब्यावर' में उमड़ा जनसैलाब, स्वस्थ जीवन और एकजुटता के संदेश संग मनाया गया स्थापना दिवस




स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** ब्यावर जिले के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर जिले की विकास यात्रा, अब तक की उपलब्धियों और मजबूत जनभागीदारी की झलक देखने को मिली। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य आकर्षण 'रन फॉर ब्यावर' को विधायक शंकर सिंह रावत, जिला कलक्टर कमल राम मीना और जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर चांग गेट, भारत माता सर्किल और अजमेरी गेट से गुजरते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरी दौड़ के दौरान मार्ग में शहरवासियों का भारी उत्साह और उमंग देखने को मिली। इस आयोजन में पुलिस बल के जवानों, शारीरिक शिक्षकों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक की सक्रिय सहभागिता ने इस दौड़ को एक व्यापक जन-आंदोलन का स्वरूप दे दिया। 'रन फॉर ब्यावर' के माध्यम से शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही जिले की प्रगति और सर्वांगीण विकास में हर नागरिक की सक्रिय भूमिका और जिम्मेदारी के भाव को रेखांकित किया गया।

## देवनारायण भगवान की भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का कांग्रेसजनों ने पुष्पवर्षा कर किया भव्य स्वागत-अभिनंदन

### पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से श्रद्धालुओं का हुआ आत्मीय सम्मान, देवनारायण भगवान के जयघोष से भक्तिमय हुआ कनेरा

स्मार्ट हलचल

**कनेरा (ज़ाकिर हुसैन)** कनेरा स्थित आमली का देवरा भगवान श्री देवनारायण मंदिर में आयोजित सप्तदिवसीय श्री देवनारायण कथा बगड़ावत की पूर्णाहुति के पावन अवसर पर गुरुवार को श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ भगवान श्री देवनारायण की भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कस्बे में भगवान श्री देवनारायण के जयघोष, भजनों और धार्मिक उल्लास से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने भगवान श्री देवनारायण की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्रद्धालुओं का आत्मीय सम्मान करते हुए क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की मंगलकामनाएं व्यक्त की गईं। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा, धार्मिक ध्वज, कलश एवं भजन-कीर्तन के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री देवनारायण के जयकारे लगाते हुए धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच तुलसीराम धाकड़ (कनेरा), पूर्व सरपंच मोहनलाल धाकड़ (राणावतखेड़ा, मध्यप्रदेश), मंडल कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश धाकड़, कनेरा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास नायमा, दिलीप मेघवाल, नंदकिशोर पचोरिया, सुभाष व्यास, सुरेश वीर, गोरेलाल सुथार, पंकज राठौर, प्रहलाद गायरी, शांतिलाल गायरी, फुलेश खटीक, ललित खटीक, शांतिलाल नायमा, राहुल, सागरमल धाकड़, राजेश धाकड़, मनीष धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### ब्यावर में विकास प्रदर्शनी और प्रेस वार्ता आयोजित

## तीन वर्षों की उपलब्धियों का रखा ब्योरा, मिनी सचिवालय का रोडमैप पेश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला प्रगति प्रदर्शनी के उद्घाटन के उपरांत आयोजित विशेष पत्रकार वार्ता में राज्य के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत और क्षेत्रीय विधायक शंकर सिंह रावत ने संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित किया। वार्ता के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बीते तीन वर्षों में ब्यावर क्षेत्र में हुए बुनियादी ढांचे के विस्तार, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुए कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एवं विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि ब्यावर जिले के सर्वांगीण और संतुलित विकास के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि निरंतर प्रयासरत हैं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसे मूलभूत क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए ऐसी कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे विकास की योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहजता से पहुँच सके।




**आधुनिक मिनी सचिवालय का खाका तैयार**

वार्ता के द्वितीय चरण में जिला कलक्टर कमल राम मीना ने भविष्य के ब्यावर की प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित मिनी सचिवालय योजना का प्रस्तुतीकरण दिया। एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था: नए मिनी सचिवालय में विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित किया जाएगा, जिससे आमजन को अपने कार्यों के लिए अलग-अलग जगह न भटकना पड़े। सुविधाजनक बुनियादी ढांचा: परिसर में आमजन के सुगम आवागमन, विशाल पार्किंग व्यवस्था और आधुनिक सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचे का विशेष ध्यान रखा गया है। दीर्घकालिक मास्टर प्लान: जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि मिनी सचिवालय केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न होकर आगामी दशकों की संभावित जनसंख्या और प्रशासनिक विस्तार को ध्यान में रखकर तैयार की गई एक दीर्घकालिक योजना है।

## सुखपुरा में भाजपा कमांड मंडल ने निकाली संत सभा रथ यात्रा, संतों का लिया आशीर्वाद



स्मार्ट हलचल

**सुखपुरा।** आज संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम भाजपा कमांड मंडल पारसोली द्वारा ग्राम सुखपुरा में आयोजित किया गया। इसी अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही संत सभा रथ यात्रा के तहत रथ यात्रा एवं संत सभा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा के पश्चात मंदिर परिसर में आयोजित संत सभा में मंदिर के पुजारी रूप जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उपस्थित लोगों ने महाराज जी से आशीर्वचन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। संत सभा में रूप जी महाराज ने सनातन संस्कृति, धार्मिक मूल्यों, सामाजिक एकता एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता:**

जिला परिषद सदस्य प्रभु लाल धाकड़, पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर सिंह चौहान, उप प्रधान गोदू लाल गुर्जर, मंडल संयोजक गजेंद्र सिंह राणावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर लाल कुमावत, पंचायत समिति सदस्य शंभू लाल धाकड़, रतन लाल धाकड़, मंडल महामंत्री जीतू लाल धाकड़, मंडल उपाध्यक्ष कन्हैया लाल कुमावत, बद्री लाल सांगावत, विशाल पितलिया, कमलेश धाकड़, रमेश रैगर, जितेंद्र सिंह, भारत सिंह, श्रवण सिंह एवं हिमांशु गहलोत सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सस्ते दामो में सोना देने का झांसा देकर ठगी करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार

### ठगी की राशी 12 लाख रुपये बरामद कर वारदात में प्रयुक्त वाहन को किया जब्त

स्मार्ट हलचल

**बूंदी-** जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा (IPS) के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में संजय सिंह चम्पावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी के मार्गदर्शन में, अनिल जोशी वृताधिकारी वृत बून्दी के निकटतम सुपरविजन में, भंवरसिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर रामनगर कंजर कॉलोनी में नकली सोना देकर फरियादी के साथ धोखाधडी कर सस्ते दामो में सोना देने का झांसा देकर ठगी करने वाले 02 आरोपियों (1)गोलु पुत्र बुद्धीप्रकाश कंजर उम्र 26 साल निवासी रामनगर थाना सदर जिला बून्दी, (2).मोनु पुत्र नरसी राम कंजर उम्र 20 साल निवासी रामनगर थाना सदर जिला बून्दी। को गिरफ्तार कर ठगी की राशी 12 लाख रुपये बरामद करते हुए वारदात में प्रयुक्त वाहन कार RJ08 CC 2601 को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## जैतारण वृत में अल सुबह दबिश देकर टॉप-10 अपराधी, 3 वांछित आरोपी व 9 असामाजिक तत्व गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/जैतारण।** अजमेर रेंज महानिरीक्षक पुलिस एवं ब्यावर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के आदेशानुसार जिले में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत वृत जैतारण पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया के सुपरविजन तथा जैतारण वृताधिकारी रमेन्द्र सिंह हाड़ा के नेतृत्व में पुलिस की 6 अलग-अलग टीमों ने अल सुबह अपराधियों के संभावित ठिकानों पर अचानक दबिश दी। इस संयुक्त कार्यवाही में पुलिस ने अवैध खनन, लूट, नकबजनी और राजकार्य में बाधा पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों में शामिल वांछित अपराधियों, गिरफ्तारी वारंटियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा।

**लूट व नकबजनी के इनामी सहित वांछित आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस द्वारा दी गई दबिश में जैतारण थाने का वांछित इनामी अपराधी अशोक बावरी (27) निवासी खिनावड़ी को गिरफ्तार किया गया, जो लूट व नकबजनी के कई मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा था। इसके अलावा अवैध खनन व राजकार्य में बाधा के प्रकरण में वांछित आरोपी मनीष जाट (26) निवासी फूलमाल को भी गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही के दौरान रास थाना पुलिस के चोरी के प्रकरणों में लंबे समय से वांछित चल रहे टॉप-10 अपराधी सोपाल गुर्जर (20) को दस्तयाब करने में सफलता मिली। वहीं, रास पुलिस ने एक गिरफ्तारी वारंटी मंगला मेहरात को भी धर दबोचा।

**चोरी की बाइकें और अवैध बजरी ट्रैक्टर जब्त**

जैतारण थाना क्षेत्र के निंबोल गांव में वांछित मुलजिमों के घर दबिश के दौरान पुलिस ने 2 चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इसके अतिरिक्त 1 बिना नंबर की मोटरसाइकिल को धारा 207 MV Act के तहत जब्त किया गया। वहीं बाबरा चौकी के नयाबाडिया क्षेत्र में अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालक रणवीर सिंह रावत सहित डिटेन कर धारा 207 MV Act में जब्त किया गया।

**शांति भंग में 9 असामाजिक तत्व गिरफ्तार**

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने धारा 170 BNSS के तहत कार्यवाही करते हुए 9 गैर-सायल/असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया। इनमें स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पंजाब और जम्मू-कश्मीर के निवासी भी शामिल हैं।

इन्हें किया गया गिरफ्तार:
ओम प्रकाश बावरी (टुकड़ा, रास)
महेंद्र बावरी (टुकड़ा, रास)
कानाराम मेघवाल (ठाकरवास, जैतारण)
सुमित हरिजन (सेंदड़ा)
विनोद हरिजन (सेंदड़ा)
विक्की कुमार (कठुआ, जम्मू कश्मीर)
अजय कुमार (गुरदासपुर, पंजाब)
लखविन्दर सिंह (गुरदासपुर, पंजाब)
आदित्य (गुरदासपुर, पंजाब)

कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम

इस पूरी कार्यवाही को अंजाम देने में रास थानाधिकारी मंजू मुलेवा (पु.नि.), जैतारण थानाधिकारी धोलाराम (पु.नि.) तथा आनंदपुर कालू थानाधिकारी गणपत राम (उ.नि.) मय टीमों का विशेष योगदान रहा।

## क्षेत्रीय विकास आयुक्त ने किया सीएडी बूंदी कार्यालय का निरीक्षण

### पुरानी धानमंडी में प्रस्तावित नवीन बस स्टेण्ड की भूमि का किया अवलोकन

स्मार्ट हलचल

**बूंदी,** क्षेत्रीय विकास आयुक्त (संभागीय आयुक्त) अनिल कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को सीएडी बूंदी कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास एवं सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति, नहरों के रखरखाव, ड्रेनेज कार्यों तथा किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएडी कॉलोनी का भी भ्रमण किया तथा आवासीय क्वार्टर्स की स्थिति का जायजा लिया। जर्जर भवनों की मरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिए, ताकि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने, जनहित से जुड़े कार्यों में गति लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालयीन अभिलेखों एवं प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सीएडी अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित कार्यों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। प्रस्तावित नवीन बस स्टेण्ड की भूमि का किया अवलोकन संभागीय आयुक्त ने शुक्रवार को पुरानी धानमंडी में प्रस्तावित नवीन बस स्टेण्ड के लिए चयनित भूमि का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बस स्टेण्ड के लिए प्रस्तावित भूमि के परिसर से अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाएं। शेष जमीन में व्यावसायिक गतिविधियों को बढावा देने की कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव भिजवाएं जाएं, ताकि भूमि का बेहतर उपयोग हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, मंडी सचिव कांति कुमार मीणा, सीएडी के अधिशाषी अभियंता अरविंद मीणा आदि मौजूद रहें।



### ब्यावर जिले की विकास यात्रा की झलकः चतुर्थ स्थापना दिवस पर भव्य जिला प्रगति प्रदर्शनी का आयोजन

# कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया शुभारंभ; 3 वर्षों की उपलब्धियों और योजनाओं की जन-जन तक पहुंची जानकारी

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** ब्यावर जिले के चतुर्थ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य 'जिला प्रगति प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी जिले के गठन के बाद से लेकर अब तक की 3 वर्षों की विकास यात्रा, प्रमुख उपलब्धियों और जनकल्याणकारी प्रयासों का एक जीवंत दस्तावेज बनकर सामने आई। प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ राज्य के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक शंकर सिंह रावत, जिला कलक्टर कमल राम मीना, जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट एवं उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



**विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की दिखी झलक**

प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न शासकीय विभागों—पंचायती राज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी (PHED), रसद और सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा पिछले तीन वर्षों में किए गए नवाचारों व उपलब्धियों को आकर्षक तस्वीरों एवं सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसमें बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सड़कों के विकास से जुड़े कार्यों की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

**जिला कलक्टर ने दी विकास कार्यों की जानकारी**

प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान जिला कलक्टर कमल राम मीना ने अतिथियों को जिले में पूर्ण हो चुके और वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों का विस्तृत ब्योरा दिया। उन्होंने बताया कि जिला गठन के बाद सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से ब्यावर में बुनियादी सुविधाओं और विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं को प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जा रहा है।

**सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः कैबिनेट मंत्री**

प्रदर्शनी के दौरान कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने समस्त जिलेवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों में ब्यावर के विकास को गति देने के लिए हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विकास का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। सरकार का मुख्य लक्ष्य आमजन तक सुगम सुविधाएं पहुंचाना और जिले का सर्वांगीण व संतुलित विकास सुनिश्चित करना है।'

यह प्रदर्शनी न केवल जिलेवासियों के लिए अपनी विकास यात्रा पर गर्व करने का माध्यम बनी, बल्कि इसने 'विकास की उपलब्धियों से नए संकल्प की ओर बढ़ते ब्यावर' की एक सशक्त तस्वीर भी पेश की।

# अब परिसर में बहेगा चंबल का शुद्ध जल कोटा विश्वविद्यालय को मिली बड़ी सौगात

## वर्षों की पेयजल समस्या खत्म, कोटा विश्वविद्यालय में शुरू हुई नियमित जलापूर्ति

### मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने वर्चुअली जुड़े, कुलगुरू प्रो. बी.पी. सारस्वत ने जलापूर्ति का किया शुभारंभ

### विश्वविद्यालय विकास के हर कार्य में सरकार देगी पूरा सहयोग - उर्जा मंत्री हीरालाल नागर

### 24 वर्षों की पेयजल समस्या का हुआ स्थायी समाधान -कुलगुरू प्रो.बी.पी.सारस्वत

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** चंबल नदी के किनारे स्थित कोटा विश्वविद्यालय को स्थापना के लगभग 24 वर्ष बाद आखिरकार पाइपलाइन के माध्यम से चंबल का शुद्ध पेयजल मिलना शुरू हो गया। शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित उच्च जलाशय, स्वच्छ जलाशय, पंप हाउस एवं पेयजल पाइपलाइन परियोजना का लोकार्पण ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने वर्चुअली किया। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत ने विधिवत पूजन-अर्चन के बाद प्रेशर वाल्व खोलकर जलापूर्ति का शुभारंभ किया। संपदा अधिकारी संजीव कुमार दुबे ने बताया कि नागार्जुन भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इसे विश्वविद्यालय के इतिहास की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रबंध मंडल के सदस्य रहते पौधारोपण प्रकल्प के प्रयास किए थे जो पानी की कमी की वहज से चुनौतीपूर्ण रहा। इस परियोजना से हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय परिसर के हरित क्षेत्र को भी पर्याप्त एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विश्वविद्यालय के विकास, नए पदों की स्वीकृति तथा छात्र हित से जुड़े हर कार्य में पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए विकास कार्यों और अंतरराष्ट्रीय एमओयू जैसी उपलब्धियों की भी सराहना की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि चंबल नदी के तट पर स्थित होने के बावजूद विश्वविद्यालय लगभग 24 वर्षों से शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित था। कुलगुरू का कार्यभार संभालते ही उन्होंने इस समस्या के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा,लाडपुरा विधायक कल्पना देवी तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से यह सपना आज साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालय की वर्षों पुरानी प्यास बुझ गई है। प्रो. सारस्वत ने बताया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लगातार नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। एआई तथा बूंदी शैलचित्र अध्ययन जैसे नए पाठ्यक्रमों की मान्यता प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और शीघ्र ही विद्यार्थियों को इनका लाभ मिलेगा। समारोह में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. निमित चौधरी, कृषि विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. विमला डूंकवाल तथा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. बी.एल. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय ने एक वर्ष की अवधि में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 'वन यूनिवर्सिटी, वन टीम' की भावना से किए गए कार्यों का परिणाम आज पूरे प्रदेश के सामने है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता दीपक झा ने परियोजना की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 10.80 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना में लगभग 6.6 किलोमीटर लंबी 250 मिमी व्यास की डीआई राइजिंग मेन पाइपलाइन, विभिन्न क्षमता की वितरण पाइपलाइनें, 500 किलोलीटर क्षमता का उच्च जलाशय, 400 किलोलीटर क्षमता का स्वच्छ जलाशय, दो पंप हाउस, फ्लोमीटर सहित आवश्यक सिविल एवं मैकेनिकल कार्य शामिल हैं। इस परियोजना से विश्वविद्यालय परिसर में गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने इसे विश्वविद्यालय परिवार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह गौरव और संतोष का क्षण है। वर्षों पुरानी समस्या अब स्थायी समाधान में बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से शिक्षा नगरी कोटा की पहचान और अधिक सशक्त हुई है तथा विश्वविद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत के एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया, जिसमें 'सारस्वत मॉडल' के अंतर्गत एक वर्ष में संपन्न विकास कार्यों और नवाचारों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव मुरलीधर प्रतिहार ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का संचालन प्रो.जॉली भण्डारी ने किया। कार्यक्रम में प्रबंध मंडल के सदस्य, विभिन्न संकायों के विश्वविद्यालय के संपदा अधिकारी संजीव कुमार दुबे ने कुलगुरु एवं अतिथियो का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. ओ.पी. ऋषि, प्रो. भवानी सिंह, प्रो. घनश्याम शर्मा, प्रो. जे.पी. शर्मा,मनीष वशिष्ट,धाकड भगतसिंह सहित कई शिक्षाविद, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अधिष्ठाता, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## RAS एसोसिएशन अध्यक्ष महावीर ख़राड़ी ने उठाया पदोन्नति का मुद्दा: बोले- सेवा अवधि में शिथिलता नहीं मिली तो बढ़ेंगी रिक्तियां

स्मार्ट हलचल

**राकेश मीणा, वरिष्ठ पत्रकार जयपुर।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के सुपर टाइम स्केल में लगातार बढ़ रही रिक्तियों को लेकर RAS एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर ख़राड़ी ने सरकार से पदोन्नति के नियमों में सेवा अवधि संबंधी शिथिलता देने की मांग की है। शुक्रवार को उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सुपर टाइम स्केल के 178 स्वीकृत पदों में से वर्तमान में केवल 88 अधिकारी कार्यरत हैं, जबकि 90 पद रिक्त पड़े हैं। इन रिक्तियों के कारण विभागाध्यक्ष स्तर सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद खाली हैं, जिससे शासन-प्रशासन के कामकाज पर असर पड़ रहा है। महावीर ख़राड़ी ने कहा कि वर्तमान नियमों के अनुसार सुपर टाइम स्केल में पदोन्नति के लिए 18 वर्ष की सेवा अवधि अनिवार्य है। यदि राजस्थान प्रशासनिक सेवा नियमों में उपलब्ध प्रावधान के अनुसार सेवा अवधि में एक-तिहाई तक शिथिलता दी जाती है तो बड़ी संख्या में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जा सकता है। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर भी दिलाया कि आगामी वित्तीय वर्ष में सुपर टाइम स्केल के और पद रिक्त होने वाले हैं। यदि समय पर निर्णय नहीं लिया गया तो रिक्त पदों की संख्या 100 से अधिक हो सकती है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। RAS एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि राज्यहित और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पदोन्नति प्रक्रिया में आवश्यक सेवा अवधि की शिथिलता देकर रिक्त पदों को जल्द भरा जाए, ताकि वरिष्ठ स्तर पर अधिकारियों की कमी दूर हो सके।

## देशभर के 300 से अधिक आर्किटेक्ट्स-इंजीनियर्स का महाकुंभ आज से, 'नेक्संगम कोटा 2026' का आगाज

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन, एआई, टाउन प्लानिंग और चंबल रिवर फ्रंट पर होंगे विशेष सत्र

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** देश के आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, इंटीरियर डिज़ाइन एवं भवन निर्माण क्षेत्र के विशेषज्ञों का राष्ट्रीय सम्मेलन 'नेक्संगम कोटा 2026' शनिवार से कोटा-बूंदी रोड स्थित तिरुपति रिसोर्ट में शुरू होगा। दो दिवसीय इस आयोजन में देशभर से 300 से अधिक आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स और इंटीरियर डिज़ाइनर्स भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। आयोजन समिति के कमलेश शर्मा, आर्किटेक्ट पीयूष लाहोटी, इंजीनियर मनीष जैन, इंजीनियर जे.के. शर्मा और इंटीरियर डिज़ाइनर सौरभ शर्मा ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उत्कृष्टता, ज्ञान-विनिमय और सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा देना है। दिल्ली, चंडीगढ़, गुरुग्राम, मध्यप्रदेश, जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा, कुचामन सिटी, श्रीगंगानगर सहित विभिन्न शहरों से विशेषज्ञ कोटा पहुंच चुके हैं। पहले दिन निर्माण एक्सपो, नॉलेज सेशन और गाला नाइट का आयोजन होगा। आर्किटेक्ट राजीव खन्ना एवं रवीना खन्ना 'लैंडस्केप एवं डिज़ाइन', डॉ. अर्चना राठौड़ एवं नरेंद्र सिंह राठौड़ 'आर्किटेक्चर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' तथा आर्किटेक्ट कपिल सेठिया 'चंडीगढ़ टाउन प्लानिंग' विषय पर व्याख्यान देंगे। वहीं आर्किटेक्ट निरुत्तम सिंह राठौड़, राजेश गुप्ता और ब्रजेश मुक्तावत कोटा की स्थापत्य विरासत और विकास यात्रा पर अपने विचार साझा करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतिभागियों के लिए चंबल रिवर फ्रंट पर 'आर्किटेक्चर इंस्पिरेशन वॉक', हेरिटेज वॉक, लाइव स्केचिंग, अनुभवात्मक भ्रमण तथा कोटा के पारंपरिक व्यंजनों का विशेष आयोजन किया जाएगा। समापन समारोह लेमन ट्री होटल के ग्रैंड चैंबर में होगा। आयोजकों का कहना है कि 'नेक्संगम कोटा 2026' कोटा को शिक्षा नगरी के साथ-साथ देश के उभरते आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और डिज़ाइन हब के रूप में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## डांगरथल स्कूल में 500 विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा का पाठ, साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी



स्मार्ट हलचल

**निवाई(नरेश कुरेडा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डांगरथल में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निवाई वृत्ताधिकारी रविप्रकाश शर्मा ने पंचायत सरपंच, ग्रामीणों एवं विद्यालय के करीब 500 बालक-बालिकाओं से संवाद कर महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों को लेकर जागरूक किया। वृत्ताधिकारी रविप्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को महिला अपराधों से जुड़े नए कानूनों, पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या आपात स्थिति में 112 हेल्पलाइन का उपयोग किया जा सकता है। वहीं साइबर ठगी की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 और सिटीजन राजकॉप जैसी सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें और किसी भी स्थिति में ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या निजी जानकारी साझा नहीं करें। सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों से बचने के लिए भी विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई। वृत्ताधिकारी ने बालक-बालिकाओं से कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध या परेशानी की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि तत्काल परिजनों, शिक्षकों अथवा पुलिस को इसकी जानकारी दें। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## रक्तदाता जीवनदाता परिवार कोटा बूंदी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 52 यूनिट का रक्तदान सम्पन्न




स्मार्ट हलचल

**कोटा :** थैलिसमिया पीड़ित बच्चों को पहली बार बिना रक्त चढ़े निराश लौटना पड़ा जब इस बात का पता रक्तदाता जीवनदाता परिवार के सदस्य दीनू मीणा को चला तो उन्होंने सभी साथियों को अवगत कराया और रक्तदान शिविर रखा और उसमें 52 यूनिट का रक्त संग्रहण हुआ! इस दौरान गांव व कोटा से सभी रक्तवीर पधारे और रक्तदान किया यह परिवार हर 3 महीने में थैलीसीमिया बच्चों के लिए रक्तदान करता है! इस दौरान रक्तदान करने वाले रक्तवीरो का प्रदेश महामंत्री ह्यह्ल मोर्चा अशोक मीणा ओर गोहटा पंचायत सरपंच सुनील मीणा ने हौसला बढ़ाया रक्तदान करने वाले सदस्य सोनू मीना ,अभिषेक बलकासा शिवा,रोहित कुन्हाड़ी पाटन,महावीर,दुर्गाशंकर ,गिरिराज सुमान लोकेश नेता,आकाश नितेश,बिरजू,अजय,महेंद्र,ललित 1स्रथ साहब,विशाल,वैभव, सावरिया, देवराज सुमन,आदि ने रक्तदान किया ओर हर 3 महीने में रक्तदान करने की सभी से अपील की

## सरकारी योजनाओं की बेहतर पहुंच के लिए सिविल सोसायटी की भूमिका पर मंथन

### 'अधिकार हैं आधार' राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेशभर से जुटे 70 से अधिक प्रतिनिधि

स्मार्ट हलचल





**जयपुर।** इब्तिदा संस्था एवं एडिलगिव फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 'अधिकार हैं आधार' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेशभर की 40 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं की जागरूकता बढ़ाने तथा पात्र लोगों तक योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की। इब्तिदा संस्था के कार्यकारी निदेशक यतेश यादव ने बताया कि संस्था पिछले 29 वर्षों से मेवात क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। वहीं पिछले एक दशक से अधिकार एवं सरकारी योजनाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'अधिकार हैं आधार' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यशाला में गांवों से आई ग्राम अधिकार सखियों, फेडरेशन लीडर्स, महिला सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस पहल से महिलाओं की वार्ड सभा, ग्राम सभा और पंचायत बैठकों में भागीदारी बढ़ी है तथा वे अब अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति अधिक जागरूक होकर समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सरपंच सीमा झिरंडिया, सरपंच राधा (भजीट) तथा वार्ड पंच लाल मोहम्मद हरसाना ने भी कार्यक्रम से आए सकारात्मक सामाजिक बदलावों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के समन्वयक अमरदीप सैनी ने पिछले दस वर्षों की उपलब्धियां प्रस्तुत करते हुए बताया कि अधिकार सखियों के माध्यम से हजारों परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सफलता मिली है। महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे स्थानीय शासन व्यवस्था में प्रभावी भागीदारी निभा रही हैं। संस्था के संस्थापक राजेश सिंघी ने प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों के साथ आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सिविल सोसायटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यशाला के दौरान आयोजित पैनल चर्चा में योजनाओं के क्रियान्वयन की चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से मंथन किया गया। पैनल चर्चा में पूर्व निदेशक सीएमएफ मल्लिका श्रीवास्तव, अरावली राजस्थान के कार्यकारी निदेशक वरुण शर्मा, मंजरी फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक संजय शर्मा तथा सेक्टर एक्सपर्ट मेहर गाडेकर ने अपने सुझाव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन मंजू यादव एवं अमरदीप सैनी ने किया। इस अवसर पर इब्तिदा संस्था के चेयरपर्सन उमेश अग्रवाल, चेतना महिला मंच की चेयरपर्सन निरमा, शकुंतला, वारिषा खान, बर्फीना, अनीता, खैमराज, सुरेन्द्र सिंह, आनंद सैनी, मुकेश राठी, जगराम चौधरी, अखलेश पाण्ड्य सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विदेश जाने वाले 52 लाख कामगारों को मिला क्लीयरेंस

स्मार्ट हलचल



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय द्वारा विकसित ई-माइग्रेट पोर्टल विदेशी रोजगार की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ साबित हुआ है। इसके माध्यम से विशेष रूप से इमिग्रेशन चेक रिक्वायर्ड (ईसीआर) पासपोर्ट धारक भारतीय श्रमिकों के इमिग्रेशन को बेहद आसान बनाया गया है। वर्ष 2014 में पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से अब तक 52 लाख से अधिक भारतीय वर्कर्स को सुरक्षित तरीके से ईसीआर देशों में नौकरी करने के लिए आधिकारिक तौर पर इमिग्रेशन क्लियरेंस प्रदान की जा चुकी है। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए दी। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सिंह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों ने वर्ष 2021 से अब तक विदेशी कंपनियों और सरकारों के साथ कई द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनका सीधा उद्देश्य भारतीय कार्यबल को सुरक्षित और कानूनी रूप से विदेशी बाजार उपलब्ध कराना है। जिन देशों में नौकरी के लिए सबसे अधिक भारतीयों को शीघ्र इमिग्रेशन क्लियरेंस प्राप्त हुआ, उनमें सऊदी अरब, यूएई और कुवैत का नाम सबसे ऊपर है, जिसकी संख्या क्रमशः 7,59,578, 5,08,995 और 2,28,206 है। इसके बाद कतर के लिए 1,65,089, ओमान के लिए 1,40,061 और बहरीन के लिए 41,327 इमिग्रेशन क्लियरेंस सफलतापूर्वक हुए हैं। इसके अलावा विदेशों में भारतीय कामगारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के संबंध में सुरजेवाला द्वारा सदन में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार भारतीय नागरिकों के हितों की रक्षा करने, उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने और उन्हें धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों से बचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विदेश मंत्री ने काम के लिए विदेशों में गए ऐसे भारतीयों के बारे में भी बताया, जो कानूनी पेंच में फंसने और अन्य कई कारणों से अपने घर लौटने में असमर्थ थे और जिनकी भारत सरकार और भारतीय दूतावासों के सहयोग से वतन वापसी कराई गई। डॉ. जयशंकर ने सदन के समक्ष एक सूची साझा की, जिसके अनुसार, इस वर्ष (मार्च महीने तक) सबसे अधिक अमेरिका से 414, ब्रिटेन से 57 और साइप्रस से 53 भारतीय डिपोर्ट हुए। मंत्री ने यह भी बताया कि देश में कुल 3,505 बिना रजिस्ट्रेशन वाले एजेंटों की जानकारी ई-माइग्रेट पोर्टल पर दी गई है, ताकि लोग धोखाधड़ी करने वालों से अलर्ट रहें और किसे के झांसे में न आएं।

## भाजपा मंडल लाखेरी ने चुनावी तैयारियों का किया शुभारंभ, मंडल प्रभारी योगेंद्र अल्कू ने पदाधिकारियों के साथ की रणनीतिक चर्चा

स्मार्ट हलचल



**लाखेरी** -आगामी नगर निकाय चुनाव-2026 को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी लाखेरी मंडल ने चुनावी तैयारियों का शुभारंभ कर दिया है। इसी क्रम में मंडल प्रभारी योगेंद्र अल्कू ने मंडल पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मंडल प्रभारी योगेंद्र अल्कू ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, मतदाताओं तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुँचाने तथा विजय के लक्ष्य को लेकर समर्पित भाव से कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। मंडल पदाधिकारियों ने भी आगामी चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नवीन यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र माहेश्वरी, महामंत्री पूर्व चेयरमैन राकेश सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष पृथ्वीराज पारेता, राधा गोपाल शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोले पारेता, नीरज सैनी, बालकृष्ण, वैष्णव, नीलेश, बसवाल, अनीस मोहम्मद, हनुमान सैनी, शिवजी लाल सैनी, बाँके बिहारी शर्मा, राजाराम गोचर, आशुतोष महावर, राजेन्द्र मेहरा, रामस्वरूप वर्मा, विक्रम आदि कई लोग उपस्थित रहे।


## मुस्लिम महासभा राजस्थान के प्रदेश महासचिव मोहम्मद रफीक ने जन्मदिन पर किया पौधरोपण

स्मार्ट हलचल, अजीम खान चिनायटा

**हिंडौन सिटी।** मुस्लिम महासभा राजस्थान के प्रदेश महासचिव मोहम्मद रफीक ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गुलाब का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन्मदिन केवल केक काटने और शुभकामनाएं लेने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी दिन है। मुस्लिम महासभा राजस्थान के प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या अन्य विशेष अवसरों पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी और देश हराभरा एवं स्वच्छ बनेगा। मोहम्मद रफीक ने सभी नागरिकों से 'एक जन्मदिन-एक पौधा' अभियान से जुड़ने और अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे अनमोल उपहार है। इस अवसर पर मुस्लिम महासभा राजस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

## वैश्विक तनाव के बीच भी सोना 497 रुपए चढ़ा, चांदी भी 2,157 रुपए उछली

### सोना 1,49,457 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,28,000 रुपए प्रति किलोग्राम



**नई दिल्ली ।**

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव और चीन के संस्थागत निवेशकों की बढ़ती खरीददारी से सुरक्षित निवेश के रूप में सोना और चांदी आकर्षक बने हुए हैं। शुक्रवार को वैश्विक और घरेलू दोनों बाजारों में इन कीमती धातुओं के वायदा भाव में जोरदार तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को सोने और चांदी के वायदा भाव में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में शुक्रवार को इन धातुओं की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी सोने-चांदी के भाव में शानदार तेजी दर्ज की गई। खबर लिखे जाने तक सोने का अक्टूबर वायदा भाव 599 रुपये की मजबूती के साथ 1,49,457 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में यह 1,49,554 रुपये के उच्च स्तर तक पहुंच गया। वहीं चांदी का सितंबर वायदा 2,164 रुपये की जोरदार तेजी के साथ 2,28,000 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास कारोबार कर रहा था, जिसने 2,28,095 रुपये का दिन का उच्च स्तर छुआ। यह उछाल वैश्विक रुझानों और घरेलू मांग दोनों का परिणाम है, जिससे दोनों धातुएं इस साल अपने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर के करीब पहुंच रही हैं। वैश्विक बाजार कॉमेक्स पर सोना शुक्रवार को 4,320 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा था, जिसमें 19 डॉलर से अधिक की तेजी देखी गई। वहीं चांदी भी 0.86 डॉलर की तेजी के साथ 62.50 डॉलर प्रति औंस के आसपास बनी हुई थी। भू-राजनीतिक अनिश्चितता और आर्थिक स्थिरता की तलाश में निवेशक लगातार सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं, जिसका सीधा फायदा इन कीमती धातुओं को मिल रहा है। चीन के संस्थागत निवेशकों द्वारा गोल्ड-समर्थित परिसंपत्तियों में बढ़ती दिलचस्पी और दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की निरंतर खरीदारी भी सोने-चांदी की कीमतों को मजबूती प्रदान कर रही है।

## आरबीआई का निर्देश- कर्ज वसूली के नाम पर ग्राहक के गैजेट्स बंद नहीं कर सकेंगे बैंक

**नई दिल्ली ।**


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कर्ज वसूली से जुड़े एक महत्वपूर्ण निर्देश में बैंकों को ग्राहकों के मोबाइल फोन, टैबलेट या लैपटॉप को निष्क्रिय करने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 1 जनवरी 2027 से लागू होगा और इसका उद्देश्य कर्जदारों को उत्पीड़न से बचाना है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत, वाहन या आवास ऋण जैसे कर्ज न लौटाने पर बैंक अब ग्राहकों के इन उपकरणों को बंद या उनकी कार्यक्षमता सीमित नहीं कर पाएंगे। हालांकि, यदि किसी बैंक ने विशेष रूप से किसी उपकरण की खरीद के लिए ही कर्ज दिया है, तो वह चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई कर सकता है, लेकिन इसमें भी आपातकालीन सुविधाएं जैसे इनकमिंग कॉल, एसएमएस और एसओएस सेवाएं किसी भी स्थिति में बंद नहीं की जा सकेंगी। आरबीआई ने यह कदम कर्ज वसूली और रिकवरी एजेंसियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राहकों के उत्पीड़न और अभद्र व्यवहार की बढ़ती शिकायतों के बाद उठाया है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 455 अंक, निफ्टी 65 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर टूटे। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट के शेयर भी गिरे। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 455.59 अंक टूटकर 78,499.17 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 65.35 अंक फिसलकर 24,570.65 अंकों पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के केवल 14 शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। बचे हुए 16 शेयर गिरावट पर बंद हुए। निफ्टी 50 की भी 50 में से 24 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ लाभ पर बंद हुए और शेष सभी 26 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ नीचे आये।आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा समूह की आईटी कंपन टीसीएस के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.53 प्रतिशत की बढ़त रही। वहीं बजाज फाइनेंस के शेयरों में आज सबसे अधिक गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा,



एसबीआई सहित कई कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, बीईएल, इन्फोसिस और एचसीएल टेक, मारुति सुजुकी के शेयरों में बढ़त रही। दूसरी ओर सप्ताह के अंतिम दिन बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, अडाणी पोर्ट्सके शेयरों में गिरावट रही।

## फाइब की प्रबंधित परिसंपत्तियां 63.31 फीसदी बढ़कर 8,603 करोड़ पहुंचीं

### व्यक्तिगत ऋण और उद्देश्य-आधारित वित्तपोषण से मिली बढ़त

**नई दिल्ली ।**

डिजिटल ऋण मंच फाइब, जिसने अपने आईपीओ के लिए सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं, ने अपनी प्रबंधित परिसंपत्तियों (एयूएम) में मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाया है। कंपनी के डीआरएचपी के अनुसार मार्च 2026 तक इसकी एयूएम 63.31 फीसदी बढ़कर 8,603 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें व्यक्तिगत ऋण और उद्देश्य-आधारित वित्तपोषण कारोबार का प्रमुख योगदान होगा। दस्तावेजों से पता चलता है कि फाइब की एयूएम में पिछले तीन वर्षों से लगातार वृद्धि दर्ज की गई है।

मार्च 2024 में 4,064 करोड़ रुपये से बढ़कर यह मार्च 2025 में 5,268 करोड़ रुपये हो गई और मार्च 2026 तक 8,603 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। कुल प्रबंधित परिसंपत्तियों में व्यक्तिगत ऋण की हिस्सेदारी 6,657 करोड़ रुपये (77 प्रतिशत) रही, जबकि उद्देश्य-आधारित वित्तपोषण का आकार 1,946 करोड़ रुपये था। फाइब का उद्देश्य आधारित वित्तपोषण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बीमा, यात्रा, ई-कॉमर्स और छत पर सौर ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक फैला है। कंपनी ने जून में पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के जरिए धन जुटाने के लिए दस्तावेज दाखिल किए थे।

## अकासा एयर ने लॉन्च किया एलीवेट लॉयल्टी कार्यक्रम

### एयरलाइन ने यात्रियों की निष्ठा के प्रति आभार व्यक्त किया

**नई दिल्ली ।**

अपनी सफल उड़ान के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने शुक्रवार को अपना नया लॉयल्टी कार्यक्रम 'अकासा एलीवेट' लॉन्च किया है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव, व्यक्तिगत पहचान और विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराना है, साथ ही उनकी निष्ठा के प्रति आभार व्यक्त करना है। एयरलाइन ने 7 अगस्त, 2022 को उड़ान परिचालन शुरू किया था। कंपनी के एक अे धिकारी ने अब तक के सफर को बेहद रोमांचक बताया। 'अकासा एलीवेट' कार्यक्रम के तहत, सदस्य पात्र उड़ानों के साथ-साथ सहायक उत्पादों और सेवाओं पर भी अंक अर्जित कर सकेंगे। कंपनी का कहना है कि इसे ग्राहकों को अधिक मूल्य और बेहतर यात्रा सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी अे धिकारी ने अकासा एयर को 'अनुभव आधारित विमानन सेवा' करार देते हुए कहा, हमने अपने ग्राहकों के लिए बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में काफी मेहनत की है। ऐसे में ग्राहक लॉयल्टी कार्यक्रम की शुरुआत उनके प्रति आभार व्यक्त करने का स्वाभाविक विस्तार है। उन्होंने आगे कहा कि तीसरे वर्ष में प्रवेश के साथ उनका ध्यान अनुशासित वृद्धि, परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहकों को विशिष्ट अनुभव उपलब्ध कराने पर केंद्रित रहेगा।

# त्योहारी सीजन में महंगा होगा घर-गाड़ी खरीदना

### तांबा, एल्युमीनियम जैसी प्रमुख धातुओं के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली ।**

आगामी त्योहारी सीजन में घर और वाहन खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों को अब अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ सकती है।

वैश्विक बाजारों में औद्योगिक धातुओं की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि के चलते टीवी, फ्रिज, एसी, वॉशिंग मशीन और नई गाड़ियों के दाम बढ़ने वाले हैं। वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और आपूर्ति संकट के कारण तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और निकल जैसी औद्योगिक धातुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसका सीधा असर उपभोक्ता उत्पादों पर पड़ेगा। लंदन मेटल एक्सचेंज पर तांबे का औसत भाव 1.8 फीसदी उछलकर 14,369.50 डॉलर प्रति टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो जनवरी के बाद सबसे अधिक है। भारत में भी तांबे के दाम 2.56 फीसदी बढ़कर 1304.90 रुपये प्रति किलोग्राम हो गए हैं, जबकि एक महीने पहले यह 1187.85 रुपये प्रति किलोग्राम था। एल्युमीनियम में भी पांच फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। इस वृद्धि के पीछे कई कारण हैं। कांगो द्वारा कॉपर और कोबाल्ट कंसंट्रेट के निर्यात पर प्रतिबंध, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से हॉर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में बाधा, और साल की शुरुआत से जिंक के वेयरहाउस स्टॉक में 75 फीसदी की भारी गिरावट ने कीमतों पर दबाव बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, एआई डेटा सेंटरों और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती वैश्विक मांग के कारण अमेरिका और चीन द्वारा तांबे की अंधाधुंध खरीदारी और जमाखोरी भी प्रमुख वजहों में से एक है। घरेलू उपकरणों और वाहनों के निर्माण में तांबा, स्टील और एल्युमीनियम जैसे धातु मुख्य कच्चे माल होते हैं। इन धातुओं की बढ़ती कीमतें सीधे विनिर्माण लागत को बढ़ाती हैं, जिसका बोझ अंततः ग्राहकों को वहन करना पड़ेगा।

# युवाओं की मानसिक सेहत बिगाड़ने पर मेटा पर लगा 5,000 करोड़ का जुर्माना

### न्यू मैक्सिको कोर्ट का कड़ा फैसला; कंपनी को बच्चों के यौन शोषण की जानकारी छिपाने का भी दोषी पाया गया


**सैन फ्रांसिस्को ।**

सोशल मीडिया दिग्गज मेटा (फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी) को न्यू मैक्सिको की एक अदालत ने युवाओं की मानसिक सेहत को पहुंचाए गए नुकसान के लिए 567 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 5,000 करोड़ रुपए) का भुगतान करने का कड़ा आदेश दिया है। यह फैसला उस बहुचर्चित मुकदमे का हिस्सा है जिसमें मेटा को मार्च में करारी हार का सामना करना पड़ा था। न्यायाधीश ब्रायन बीडशाइड ने अपने फैसले में कहा कि इस राशि का बड़ा हिस्सा, यानी 42 करोड़ डॉलर, युवाओं के उपचार से जुड़ी सेवाओं पर खर्च किया जाएगा। शेष राशि अगले पांच वर्षों के दौरान जागरूकता, रोकथाम, जांच सेवाओं और अन्य संबंधित खर्चों पर लगाई जाएगी। अदालत ने मार्च में मुकदमे के पहले चरण में मेटा पर 37.5 करोड़ डॉलर का दीवानी जुर्माना भी लगाया था। उस समय, अदालत ने माना था कि कंपनी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया और अपने मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से संबंधित उपलब्ध जानकारी को छिपाया। हालांकि अभियोजकों द्वारा अनुरोध किए जाने के बावजूद, अदालत ने मेटा के कामकाज में बुनियादी बदलावों जैसे लत लगाने वाले फीचर पर अंकुश लगाने या उम्र के सत्यापन की व्यवस्था में सुधार का आदेश देने से इनकार कर दिया।

अदालत ने कहा कि बाल ऑनलाइन निजता संरक्षण अधिनियम के कारण वह मेटा को 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए आयु सत्यापन उपकरण लागू करने या निजी जानकारी एकत्र करने का आदेश नहीं दे सकती। इसके अतिरिक्त, अदालत ने इसे केवल एक कंपनी पर थोपना अनुचित बताया।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 19 पैसे की तेजी के साथ ही 95.03 रुपये पर बंद हुआ। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में रहा और छह पैसे की गिरावट के साथ ही 95.28 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार आयातकों की डॉलर मांग और रुपये में आई मजबूती के बाद मुनाफावसूली के दबाव से रुपये पर प्रभाव पड़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.27 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 95.28 प्रति डॉलर तक फिसल गया।

यह पिछले बंद भाव की तुलना में छह पैसे फिसला। वहीं रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूटकर 95.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी बढ़कर 99.95 पर पहुंच गया।

# डिजिटल क्रांति में भी एलआईसी के एजेंटों का दबदबा कायम

### नए व्यक्तिगत कारोबार में एजेंटों की हिस्सेदारी 93 फीसदी से अधिक

**नई दिल ली ।**

देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी के लिए उसके एजेंट आज भी कारोबार की सबसे बड़ी ताकत बने हुए हैं। जहां अन्य कंपनियां डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोर दे रही हैं, वहीं एलआईसी के नए व्यक्तिगत कारोबार का 93 फीसदी से अधिक हिस्सा अब भी उसके 14.5 लाख एजेंटों के जरिए ही आ रहा है, जो तकनीक के दौर में भी मानवीय संपर्क की अहमियत दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एलआईसी के इंडिविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम में एजेंसी चैनल की हिस्सेदारी बढ़कर 93.1 फीसदी हो गई। एजेंटों के जरिए आने वाला नया प्रीमियम भी एक साल में 15 फीसदी बढ़ा है।

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार एले आईसी के पास करीब 14.5 लाख एजेंट हैं, जिनमें से 53 फीसदी पांच साल से अधिक समय से कंपनी के साथ हैं। एजेंटों की संख्या मामूली घटने के बावजूद, कंपनी अब उनकी ट्रेनिंग और काम की गुणवत्ता पर अधिक ध्यान दे रही है।

इसके विपरीत, बैंक एश्योरेंस से आने वाला इंडिविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम एक साल में 9



फीसदी घटा है, और डायरेक्ट चैनल से भी कारोबार में 13 फीसदी की गिरावट आई है। ब्रोकर चैनल में 27 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

एलआईसी डिजिटल प्लेटफॉर्म आनंदा ऐप के जरिए पॉलिसियों की हिस्सेदारी बढ़ने पर भी काम कर रही है, जो अब 14.1 फीसदी हो गई है। कंपनी का मानना है कि डिजिटल उपकरण एजेंटों के काम को आसान बनाने और उन्हें सशक्त करने का माध्यम बनेंगे, न कि उन्हें प्रतिस्थापित करने का।

# कच्चे तेल में तेजी, ब्रेंट 83 डॉलर के पार

### होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान से जुड़ी अनिश्चितता से बढ़ी आपूर्ति चिंता

**नई दिल ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में मजबूत उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड अक्टूबर वायदा 1.22 फीसदी बढ़कर 83.50 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, वहीं डब्ल्यूटीआई सितंबर वायदा 1.01 फीसदी की बढ़त के साथ 78.07 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा था। इस तेजी की मुख्य वजह मध्य पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताएं हैं। बाजार की नजर विशेष रूप से रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य पर है, जहां से वैश्विक तेल और गैस का बड़ा हिस्सा गुजरता है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव और जहाजों की आवाजाही में संभावित बाधा की आशंका ने आपूर्ति प्रभावित होने का डर पैदा किया है। इसके अतिरिक्त, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता भी कीमतों में जोखिम बढ़ा रही है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह स्पष्ट न होने से बाजार में अनिश्चितता का माहौल है। लाल सागर और अदन की खाड़ी में सऊदी तेल टैंकरों पर हमलों की खबरों ने भी आपूर्ति संबंधी चिंताओं को बल दिया है, जिससे प्रमुख समुद्री मार्गों पर खतरा बढ़ने से ढुलाई लागत बढ़ने और देरी होने की आशंका है।




कच्चे तेल की आगे की चाल काफी हद तक मध्य पूर्व के घटनाक्रम पर निर्भर करेगी। यदि अमेरिका-ईरान वार्ता में ठोस प्रगति होती है या होर्मुज में सामान्य आवाजाही के संकेत मिलते हैं तो कीमतों पर दबाव आ सकता है। वहीं, तनाव बढ़ने या नई आपूर्ति बाधा की खबर आने पर ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई में और तेजी आ सकती है। फिलहाल, आपूर्ति से जुड़ा जोखिम वैश्विक बाजार में कीमतों को लगातार सहारा दे रहा है।

## आरबीआई का नया फ्रेमवर्क- अब लोन वसूली होगी ज़्यादा पारदर्शी और जिम्मेदार

### 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे नए नियम; बैंकों को विस्तृत पॉलिसी बनानी होगी




**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने कमर्शियल बैंकों द्वारा लोन रिकवरी को अधिक पारदर्शी और जिम्मेदार बनाने के लिए नया व्यापक फ्रेमवर्क जारी किया है।

1 जनवरी 2027 से लागू होने वाले ये नियम रिकवरी एजेंटों पर सख्ती, उधार लेने वालों की सुरक्षा के बेहतर उपाय और टेक्नोलॉजी-आधारित रिकवरी सिस्टम पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

यह केवल कमर्शियल बैंकों पर लागू होगा। नए फ्रेमवर्क के तहत बैंकों को एक विस्तृत रिकवरी पॉलिसी बनानी होगी, जिसमें रिकवरी शुरू करने की शर्तें और नियमों के उल्लंघन पर मुआवजे जैसे बिंदु स्पष्ट हों। रिकवरी एजेंसियों की नियुक्ति से पहले जांच और एजेंटों के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ) या आरबीआई मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्रमाणन अनिवार्य है। बैंकों को अपनी वेबसाइट पर रिकवरी एजेंसियों की अपडेटेड सूची प्रकाशित करनी होगी। कर्जदारों को एजेंट के पहली बार मिलने से एक दिन पहले सूचना देनी होगी।

एजेंटों के पास पहचान पत्र और ऑथराइज़ेशन लेटर ज़रूरी होगा; वे सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे के बीच ही संपर्क कर सकेंगे। गाली-गलौज, धमकी, अत्यधिक कॉल, सार्वजनिक अपमान या सोशल मीडिया पर जानकारी उजागर करना सख्त वर्जित है।

शोक या मेडिकल इमरजेंसी जैसे संवेदनशील मौकों पर संपर्क से बचना होगा।

टेक्नोलॉजी-आधारित रिकवरी में बैंक उधार लेने वाले के मोबाइल फ़ोन को दूर से तभी बंद कर सकते हैं, जब लोन उसी डिवाइस के लिए हो और वह भी 30 या 60 दिनों की देरी के बाद। आवश्यक सेवाओं को ब्लॉक नहीं किया जा सकता। गलत तरीके से डिवाइस ब्लॉक करने पर बैंक को प्रति घंटे 250 रुपए का मुआवजा (अधिकतम लोन राशि तक) देना होगा। बैंकों को शिकायत निवारण प्रणाली भी बनानी होगी।

## दमदार बिक्री के बावजूद हीरो मोटोकॉर्प का लाभ 16.86 फीसदी गिरा

### पिछले साल के एकमुश्त लाभ के कारण शुद्ध मुनाफा प्रभावित



**नई दिल्ली ।**

दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंसॉलिडेटेड शुद्ध लाभ में 16.86 फीसदी की गिरावट दर्ज की है। कंपनी का पीएटी घटकर 1,417.93 करोड़ रुपये रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,705.65 करोड़ रुपये था। कंपनी ने इस गिरावट की मुख्य वजह पिछले साल के ऊंचे आधार और 722 करोड़ रुपए के एकमुश्त लाभ को बताया है, जो सहयोगी कंपनियों में निवेश की हिस्सेदारी कम होने से मिला था। हालांकि, मुनाफे में कमी के बावजूद, हीरो मोटोकॉर्प ने ऑपरेशंस से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 13,126.35 करोड़ रुपये हो गया। यह पिछले साल की समान अवधि में 9,727.75 करोड़ रुपये था, यानी लगभग 35फीसदी की बढ़ोतरी। इस तिमाही में कंपनी ने 16.77 लाख मोटरसाइकिल और स्कूटर बेचे, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 23 फीसदी अधिक है।

कारोबार बढ़ने के साथ कंपनी के कुल खर्च में भी तेज वृद्धि हुई, जो 11,621.48 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। हीरो मोटोकॉर्प के एक अे धिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 27 की शुरुआत मजबूत रफ्तार के साथ हुई है, जिसमें प्रीमियम, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और कम्प्यूटर सेगमेंट के साथ-साथ वैश्विक कारोबार में भी व्यापक वृद्धि देखी गई। कंपनी के पार्ट्स, एक्सेसरीज और मर्चेंडाइजिंग कारोबार से राजस्व पहली तिमाही में 1,689 करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 30 फीसदी अधिक है।

# कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारीं स्टार शटलर तन्वी शर्मा

**एजेंसी, असान (दक्षिण कोरिया)**

भारत की 17 वर्षीय स्टार शटलर तन्वी शर्मा का कोरिया मास्टर्स 2026 में शानदार अभियान क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। उन्हें ऑल-इंडियन मुकाबले में रक्षिता रामराज ने 18-21, 21-19, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले सप्ताह ताइपे ओपन सुपर-300 का खिताब जीतकर सबसे कम उम्र की चैंपियन बनने वाली तन्वी ने पहला गेम अपने नाम कर शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, रक्षिता ने दमदार वापसी करते हुए दूसरा और तीसरा गेम जीत लिया। इस जीत के साथ रक्षिता ने तन्वी के खिलाफ अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 4-0 कर लिया। हार के बावजूद तन्वी ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में कई उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर क्वार्टरफाइनल तक




का सफर तय किया, जिससे इस महीने होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से पहले उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ। इससे पहले प्री-क्वार्टरफाइनल में तन्वी ने ऑल-इंडियन मुकाबले मेंo श्रियांशी वालिशेट्टी को 21-16, 17-21, 21-13 से हराया था। अब सेमीफाइनल में रक्षिता का सामना भारत की अश्मिता चालिहा से होगा। अश्मिता ने शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची को 20-22, 21-15, 21-19 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पुरुष युगल में भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और कृष्ण प्रसाद गरागा ने दक्षिण कोरिया के किम यंग-ह्युक और शिन ताए-यांग को 21-18, 21-19 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, महिला युगल में सोनाली सिंह और रितिका ठाकेर को जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी सुमिरे नाकादे और मियू ताकाहाशी ने 21-15, 21-9 से हराया। मिश्रित युगल में छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ईशान भटनागर और श्रुति मिश्रा को दक्षिण कोरिया के शिन ताए-यांग और किम यू जंग के खिलाफ 21-16, 16-21, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा।

## डीपीएलः आर्यन गौर की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने दर्ज की शानदार जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में गुरुवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पुरानी दिल्ली 6 ने न्यू दिल्ली टाइगर्स को 27 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में सलामी बल्लेबाज आर्यन गौर की विस्फोटक पारी और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन की अहम भूमिका रही।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरानी दिल्ली 6 ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 177 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आर्यन गौर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर 91 रन बनाए। उनकी पारी




में 11 चौके और चार छक्के शामिल रहे। उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाते हुए टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। आर्यन के 13वें ओवर में ऋतिक शोकीन का शिकार बनने के बाद पुरानी दिल्ली 6 की पारी लड़खड़ा गई और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते हुए 155 रन पर सात विकेट खो दिए। हालांकि, अंत में दिग्वेश सिंह राठी ने नौ गेंदों पर नाबाद 19 रन की उपयोगी पारी खेलकर टीम का स्कोर 177 रन तक पहुंचाया। न्यू दिल्ली टाइगर्स की ओर से ऋतिक शोकीन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट लिए। लक्ष्मण ने भी चार ओवर में 29 रन देकर चार विकेट झटके। 178 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू दिल्ली टाइगर्स की टीम कभी भी लय हासिल नहीं कर सकी। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में रही और 119 रन तक पहुंचते-पहुंचते पांच विकेट गंवा दिए। कप्तान हिम्मत सिंह ने 25 गेंदों पर 36 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। निर्धारित 20 ओवर में न्यू दिल्ली टाइगर्स की टीम आठ विकेट पर 150 रन ही बना सकी और मुकाबला 27 रन से हार गई।

## पिछले 10 माह मेरे लिए बेहद कठिन रहे : नीरज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हाल में राष्ट्रमण्डल खेलों में रजत पदक जीतने वाले शीर्ष भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का कहना है कि पिछले कुछ समय में उन्हें फिटनेस से जुड़े मामलों को लेकर काफी मुश्किलों से जूझना पड़ा है। नीरज के अनुसार बीते 10 माह मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहे और इस दौरान मुझे ऐसा समय भी देखना पड़ा जैसा पहले कभी नहीं देखा था और न ही उसकी कल्पना की थी। ऐसे में राष्ट्रमण्डल में जीता पदक वापसी की ओर बढ़ते कदम हैं। नीरज के अनुसार वह जांघ की मांसपेशियों की चोट और कुछ अन्य शारीरिक परेशानियों से प्रभावित रहे। उनके फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया कठिन थी। चोटों के




कारण उनका सत्र देर से शुरू हुआ, जिससे उन्हें कई प्रतियोगिताओं से दूर रहना पड़ा। हालांकि, वह बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में 85.83 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही लय हासिल करने में सफल रहे। सोशल मीडिया में राष्ट्रमंडल खेलों के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा करते हुए नीरज ने अपने अनुभवों को बताय। उन्होंने लिखा, कुछ भाले लंबी दूरी तय करते हैं और कुछ पल पूरी यात्रा का भार अपने साथ लेकर आते हैं।

पिछले 10 महीने ने मेरी ऐसी परीक्षा ली, जिसकी मैंने कभी कल्पना नहीं की थी। उन्होंने आगे कहा, कई चोटों से उबरना, अपने शरीर को दोबारा मजबूत बनाना, फिर से लय हासिल करना और उस समय धैर्य रखना काफी मुश्किल था। मैं केवल प्रतियोगिता में उतरना चाहता था जिसके लिए हर दिन अभ्यास कर रहा था, लेकिन यह भी नहीं पता था कि इस साल मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं।पिछले साल सितंबर में विश्व चैंपियनशिप से ठीक पहले उन्हें कमर के निचले हिस्से में चोट लगी थी, और राष्ट्रमंडल खेलों से पहले उन्होंने केवल एक प्रतियोगिता में भाग लिया था।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिलने से उत्साहित हैं मोहित

**एजेंसी, नई दिल्ली**। कर्नाटक के युवा खिलाड़ी एचएस मोहित को एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए दूसरे गोलकीपर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मोहित इससे बेहद उत्साहित है क्योंकि उनका भारतीय टीम से खेलने का सपना पूरा होने जा रहा है। एफआईएच विश्वकप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इसमें अनुभवी गोलकीपर सूरज करकेरा भारतीय टीम के पहले गोलकीपर रहेंगे। सूरज से इस टूर्नामेंट में मोहित को काफी कुछ सीखने को भी मिलेगा। युवा मोहित ने पिछले कुाछ समय में अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। एफआईएच प्रो लीग के अंतिम चरण में इस खिलाड़ी ने काफी अच्छी गोलकीपिंग कर कई गोल बचाये थे। मोहित ने जूनियर विश्व कप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया इसके बाद उन्हे सीनियर राष्ट्रीय टीम में जगह जगह मिली है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में मोहित ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, मेरी हमेशा से यही सोच रही है कि भारत के लिए बड़े टूर्नामेंट खेलूं। जूनियर विश्व कप में हम पदक नहीं जीत सके थे और चौथे स्थान पर रहे थे। तभी से मेरा सपना था कि भारत के लिए कुछ बड़ा करूं। मोहित ने भारतीय हॉकी के महान गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश से मिली सीख को भी याद किया।

## श्रीलंका दौरे में शायद ही डेब्यू कर पाये सारांश : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी, मुम्बई**

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में स्पिनर सारांश जैन को अंतिम ग्यारह में शायद ही जगह मिले। भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 15 अगस्त से शुरु होगी। पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण सारांश को पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली है। आकाश ने सोशल मीडिया में साझा किए गए एक वीडियो में बताया सारांश को अंतिम ग्यारह में जगह मिलने की संभावना नहीं होने के कारण भी बताये




हैं। उन्होंने कहा, मुझे अभी भी लग रहा है कि सारांश को अंतिम ग्यारह में अवसर नहीं मिलेगा। इसका कारण है भारतीय टीम के पास पहले से ही चार स्पिनर हैं। साथ ही कहा, मानव सुथार अपने डेब्यू मैच में ही मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे , इसलिए उन्हें जगह मिलना तय है। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा वापसी कर रहे हैं और उन्हें बाहर नहीं बैठाया जा सकता है। इसके अलावा टीम के पास अनुभवी चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव भी हैं। वहीं श्रीलंकाई टीम में दाएं हाथ के ज्यादा बल्लेबाज होंगे और इसे देखते हुए सारांश को मेरे अनुसार अवसर नहीं मिलेगा। आकाश ने अभिमन्यु ईश्वरन को याद करते हुए कहा कि घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके आने वाले खिलाड़ियों को कम ही अवसर मिलते दिख रहे हैं। साथ कहा कि अगर स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर फिट होते, तो सारांश को टीम में ही अवसर नहीं मिला। इसलिए श्रीलंका के खिलाफ सारांस के डेब्यू की उम्मीद बेहद कम है।

# बिजनेस

## फिल्म और टीवी शो बनाने वाली कंपनी ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट का आईपीओ लॉन्च, 11 अगस्त तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खेल-खेल में, द डिप्लोमैट, ओएमजी-2 जैसी फिल्मों के साथ ही कॉमेडी सर्कस, क्राइम पेट्रोल, बालवीर, सजन रे झूठ मत बोलो, लेडीज स्पेशल, सास बिना ससुराल, कॉमेडी नाइट्स जैसे टीवी शो प्रोड्यूस कर चुकी बॉलीवुड प्रोड्यूसर विपुल डी शाह की प्रोडक्शन कंपनी ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट इंडिया का 108.50 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 11 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 13 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 14 अगस्त को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो




सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद शाम तीन बजे तक यह आईपीओ को 45 प्रतिशत सब्सक्राइब हो चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 166 रुपये से लेकर 175 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 800 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 1,600 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,80,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 62 लाख शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 88 करोड़ रुपये के 50 लाख नए शेयर जारी किये जा रहे हैं, जबकि 20.50 करोड़ रुपये के 12 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 44.94 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 31.51 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 13.55 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए एलएसआई फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि मां शीतला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट इंडिया की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 6.69 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 17.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## स्टेट बैंक का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 13.7 फीसदी बढ़कर 24,113 करोड़ रुपये

**एजेंसी, मुंबई** । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान किया है, जिसमें बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 13.73 फीसदी बढ़कर 24,113 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ 13.73 फीसदी बढ़कर 24,113 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 21,201.47 करोड़ रुपये और जनवरी-मार्च तिमाही में 19,642.87 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एसबीआई के मुताबिक एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 10.23 फीसदी बढ़कर 21,121.22 करोड़ रुपये रहा है, जो वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 19,160.44 करोड़ रुपये था। इस दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 1.35 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं बैंक का कुल खर्च बढ़कर 1.10 लाख करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में 1.04 लाख करोड़ रुपये था।

## अकासा एयर ने 4 साल पूरे होने पर शुरू किया लॉयल्टी कार्यक्रम 'अकासा एलीवेट'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विमानन कंपनी अकासा एयर ने अपने परिचालन के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को अपना लॉयल्टी कार्यक्रम अकासा एलीवेट शुरू किया। कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने अबतक के सफर को बेहद रोमांचक बताया।






एयरलाइन की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि इसका उद्देश्य यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव और विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कंपनी ने कहा कि 07 अगस्त, 2022 को उड़ान परिचालन शुरू करने वाली एयरलाइन ने आज 4 वर्ष पूरे कर लिए हैं। कंपनी ने बताया कि 'अकासा एलीवेट' कार्यक्रम के तहत सदस्य पात्र उड़ानों के साथ सहायक उत्पादों और सेवाओं पर अंक भी अर्जित कर सकेंगे। एयरलाइन ने कहा कि 'अकासा एलीवेट' को ग्राहकों की निष्ठा के बदले उन्हें अधिक मूल्य, व्यक्तिगत पहचान और बेहतर यात्रा सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। एयरलाइन ने कहा कि लोगों, जगहों और संभावनाओं को जोड़ने के हमारे चार साल पूरे। कंपनी ने कहा कि चाहे तेजी से टियर में आगे बढ़ना हो, अनलिमिटेड प्रायोरिटी सर्विस हो या ज़्यादा फ़्लेक्सिबिलिटी, हर फीचर को खासतौर पर आपके लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। अपनी यात्रा को बेहतर बनाने के लिए तैयार हैं? अभी जुड़ेंः https://bit.ly/qp_elevate शुक्रिया कहने का एक खास तरीका।

एयरलाइन ने कहा कि सुलभ हवाई यात्रा के जरिए भारत के एविएशन सेक्टर की तरक्की में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से मिले सहयोग के लिए हम आभारी हैं और देश की सेवा जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

## सोना और महंगा, चांदी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में जबरदस्त तेजी का रुख बना हुआ है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज सांकेतिक गिरावट नजर आ रही है। कीमत में आई तेजी के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना आज 3,650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,980 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत में 3,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,250 रुपये प्रति 10 ग्राम तेजी आ गई है। इसके विपरीत हाजिर चांदी की कीमत में आज शुरुआती कारोबार के दौरान 200 रुपये



प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,37,260 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली गिरावट आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,39,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,49,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स का आईपीओ, 11 अगस्त तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीवरेज नेटवर्क, वाटर सप्लाई स्कीम्स, पावर ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन और रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का काम करने वाली कंपनी टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स का 251.88 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 11 अगस्त तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 13 अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 14 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद इस आईपीओ को निवेशकों ने हाथों हाथ लिया है, जिसकी वजह से दोपहर 2:30 बजे तक यह आईपीओ को 1.82 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 200 रुपये से लेकर 212 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 70 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम-से-कम एक लॉट



यानी 70 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,840 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,92,920 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 910 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1,18,81,000 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें लगभग 202 करोड़ रुपये के 95,05,000, नए शेयर जारी हो रहे हैं, जबकि लगभग 50 करोड़ रुपये के 23,76,000 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com